वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2012-13

उद्यमी लभते सिद्धिम्
niesbud



राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान

The National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development

www.niesbud.nic.in

The Guiding Force : Governing Council

(Ex-officio Members)

CHAIRMAN

SHRI K.H. MUNIYAPPA
Hon'ble Minister of State (Independent Charge)
Micro, Small and Medium Enterprises

VICE-CHAIRMAN

SHRI MADHAV LAL
Secretary
Micro, Small and Medium Enterprises

SHRI AMARENDRA SINHA
Additional Secretary & Dev. Commissioner (MSME)

SHRI VINOD KUMAR THAKRAL
Additional Secretary & Financial Adviser, MSME

SHRI SURENDRA NATH TRIPATHI
Joint Secretary
SME

SHRI B. H. ANIL KUMAR
Joint Secretary
ARI

PROF. G. BALACHANDRAN
Chairman
Coir Board

SHRI UDAI PRATAP SINGH
Chief Executive Officer
KVIC

SHRI N.K. MAINI
Chairman & M. Director (Off.)
SIDBI

SHRI H.P. KUMAR
Chairman-cum-M. Director
NSIC

SHRI DINESH N. AWASTHI
Principal Director
EDII

SHRI ARUN KUMAR JHA
Director General, NIESBUD
MEMBER-SECRETARY

विषय-सूची

3 परिचय

5 उद्यमीय तथा कला प्रशिक्षण

7 प्रशिक्षण गतिविधियाँ (2012-13)

19 अन्य गतिविधियाँ (2012-13)

25 नई पहलें (2012-13)

29 संगठन और प्रबंधन

35 सेवाएं और सूचना

39 वित्तीय स्थिति

40 लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे (2012-13)

56 *परिशिष्ट 'क'*: कार्यक्रमों तथा लाभार्थियों की संख्या का विवरण

64 *परिशिष्ट 'ख'* : संगठनात्मक चार्ट

परिसर

अध्याय - 1 परिचय

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड), जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 (1860 का XXI) के अन्तर्गत एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत है और जिसकी स्थापना तत्कालीन उद्योग मंत्रालय (अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा की गई थी, ने कार्य 6 जुलाई 1983 से आरम्भ किये। मूल उद्देश्य जिसके लिए संस्थान की स्थापना की गई है: उद्यमीय संस्कृति को जगृत करना तथा एक शीर्षस्थ संगठन के रूप में कार्य कर के, सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में इसी तरह के संस्थानों की सहायता करना। एम.एस.एम.ई. को स्थायित्व प्रदान करने के लिए उदारीकरण; निजीकरण एवं वैश्वीकरण के युग में उनकी क्षमताओं के निर्माण/सुदृढकरण द्वारा संस्थान उनकी मदद करता है।

1.1 संस्थान के मुख्य कार्यकलापों में शामिल हैं:-

- प्रशिक्षण आवश्यकताओं तथा उनके बीच दूरी का पता लगाकर तदनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में मदद करना।
- युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करना।
- सरकारी या निजी क्षेत्रों के उद्यमीय प्रशिक्षण देने में लगे हुए संस्थानों को सलाह एवं परामर्श देना।
- उद्यमिता तथा एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों को प्रोत्साहन देना।
- उद्यमिता तथा एम.एस.एम.ई. के क्षेत्र में सरकारों (केन्द्रीय और राज्यों दोनों को) तथा विदेशी सरकारों को सलाह देना।
- उद्यमिता तथा कला विकास कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को सप्रत्ययीकरण, डिजाइन तथा मानकीकृत करना।
- उद्यमिता तथा एम.एस.एम.ई. के क्षेत्रों में परामर्शी सेवाएँ देना।
- उद्यमिता/उद्यम विकास से संबंधित सूचना का प्रलेखन करना और उसका वितरण करना।
- उद्यमिता/उद्यम विकास/एम.एस.एम.ई. से संबंधित साहित्य और सूचना सामग्री तैयार करना और प्रकाशित करना।
- मुख्यत: सेमिनारों, कार्यशालाओं, कांफ्रेंसों आदि के तहत विभिन्न समूहों के लिये अंतक्रिया करने और विचारों/अनुभवों का आदान-प्रदान करने हेतु मंच उपलब्ध कराना।
- नये आर्थिक उद्यमों की स्थापना हेतु उद्यमिता विकास की गति को तेज करने के लिए ज्ञान सृजित करने हेतु समस्याओं का अध्ययन करना और अनुसंधान/समीक्षा अध्ययन करना।
- समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उद्यमिता की संस्कृति के संवर्धन हेतु विभिन्न प्रकार के मीडिया की तैयारी करना, डिजाइन करना और इस्तेमाल करने में सहायता देना।
- निसबड ऐसे संगठनों की सहायता करके समर्थनात्मक और उत्प्रेरणात्मक भूमिका निभाता है जो देश में उद्यमिता और स्व-रोजगार के विकास और संवर्धन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से लगे हुए हैं।

संस्थान के प्रशिक्षण कार्यकलाप उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने, उसकी सहायता करने और संपोषित करने पर केन्द्रित हैं। निसबड द्वारा आरंभ किए / प्रायोजित किये गये कार्यक्रमों का सतत् मूल्यांकन और संशोधन किया जाता है ताकि उन्हें उद्यमिता और लघु उद्योग विकास की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया जा सके। यह संस्थान उद्यमिता के विकास के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने तथा उन व्यक्तियों के समर्थन के लिए, प्रचलित भ्रान्तियों को दूर करके आम जनता के बीच अनुकूल दृष्टिकोण विकसित करने में लगा है, जो उद्यमिता संबंधी जीवन-वृति अपनाना चाहते हैं।

1.2 ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार सृजन की विभिन्न योजनाओं की घोषणा ने मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करके, लाभग्राहियों तथा अनुदेशकों के लिए नियम-पुस्तकें बनाकर, नवीन प्रशिक्षण सहायक सामग्री, प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करके आदि, स्व रोजगार का व्यापक रुप से प्रचार करने में अपनी निर्णायक भूमिका प्रदर्शित करने के लिए, इस संस्थान को नई चुनौतियां प्रदान की हैं।

1.3 संस्थान के कार्यक्रमों की वित्त व्यवस्था अधिकांशतया सरकार द्वारा की जाती थी चूंकि उद्यमिता तथा कला विकास एक संवर्धनात्मक और औद्योगिक विस्तार कार्यकलाप हैं। तथापि बदलते हुए समय को ध्यान में रखते हुए और सरकारी नीति-निर्देशों के अनुरूप, अधिक कार्यक्रम आयोजित करके; शुल्क युक्त मार्किट उन्मुख प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन बढ़ा कर; प्रशिक्षण सामग्री की बिक्री बढ़ कर तथा आनुपतिक प्रशासनिक खर्चों में कमी करने के ठोस प्रयासो के परिणाम स्वरूप संस्थान आवर्ती व्यय के संबंध में वित्तीय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने तथा बनाये रखने में सक्षम हुआ है।

1.4 संस्थान को दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन इसकी संचालन परिषद् द्वारा मुहैया कराया जाता है जिसके अध्यक्ष माननीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं और सचिव, भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, उपाध्यक्ष हैं । सचिव (सू.ल.म.उ.) अध्यक्ष, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) उपाध्यक्ष और संस्थान के महानिदेशक सदस्य सचिव के तौर पर तथा 3 नामित सदस्यों सहित, कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्य हैं । संचालन परिषद् की नीतियों और निर्णयों का निष्पादन कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाता है।

1.5 संस्थान के पास संकाय का प्रावधान है जोकि उद्यमिता सक्षमता तथा अभिप्रेरणा; परियोजना निर्धारण तथा तैयारी; वित्त तथा ऋण; लघु उद्यम प्रबंधन; महिला उद्यमिता; बौद्धिक संपदा अधिकार; विपणन प्रबंधन और उद्यमिता शिक्षा के क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले वरिष्ठ तथा अनुभवी व्यावसायिक व्यक्ति होने चाहिए । संस्थान, संकाय सदस्यों को जल्द ही नियुक्त करने के कदम उठा रहा है। संकाय के इन सदस्यों की सहायता अतिथि संकाय/विशेषज्ञों के पैनल द्वारा की जाती है।

1.6 संस्थान, सैक्टर-62, नोएडा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, स्थित एकीकृत परिसर से कार्य कर रहा है।

हमारी अभिलाषाएँ केवल हमारी
कल्पनाओं द्वारा ही सीमित होती है

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विकसित या विकासशील दोनों ही तरह के देशों के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण तथा निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन क्षेत्रों के यूनिटों द्वारा विभिन्न सामाजिक आर्थिक कर्तव्यों का निर्वाह करने के कारण इनको एक अर्थव्यवस्था का *"इंजन ऑफ ग्रोथ"* का नाम ठीक ही दिया गया है। वर्तमान की कठिन परिस्थितियों में इन यूनिटों की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगी कि संसार की लगभग सभी अर्थव्यवस्थाएँ इस समय इन क्षेत्रों को राहत और बचाव के लिए देख रही है।

इस बारे में भारत भी अपवाद नहीं है। लगभग रूका हुआ कृषि उत्पादन क्षेत्र; लगभग नगण्य रोजगार सृजन के साथ मेन्यूफेक्चरिंग क्षेत्र में धीमी ग्रोथ तथा सेवा सेक्टर द्वारा वांछित विकास दरों को न प्राप्त करना, सभी वर्तमान मुश्किल आर्थिक स्थिति में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों को सबसे अच्छा माध्यम मानते हैं।

2.1 देश के धारणीय तथा समावेशी बढ़ोतरी के लिए, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को रीड़ की हड्डी ठीक ही माना गया है। क्षेत्र जिसको *"उद्यमिता की नर्सरी"* समझा जाता है, देश की जी.डी.पी. में 8%, मैन्यूफैक्चिरिंग उत्पाद में 45% तथा निर्यात में 36% से ज्यादा का योगदान करता है। यह 3 करोड़ 60 लाख उद्यमों द्वारा 6,000 से ज्यादा उत्पादों का उत्पादन करता है तथा 8 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

2.2 राष्ट्र द्वारा प्राप्त *डेमोग्राफिक डिवडैन्ड* को उपर्युक्त तरीके से एक आर्शीवाद में बदलने की जरूरत है। 65 करोड़ 30 लाख की सन् 2031 तक, मजदूर जनशक्ति तथा सन् 2025 तक, 20 करोड युवा मजदूर जनशक्ति में सम्मलित होते हुए, एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था को एक अभूतपूर्व ढांचागत लाभ/दूसरो के उपर ऐज प्रदान करते हैं तथा इससे कोई भी ईष्या कर सकता है।

2.3 आज की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता बिना शक के, *"उद्यम निर्माण"* तथा *"कला प्रशिक्षण"* है, दूसरे से न केवल बढ़ती हुई बेराजगारों के लिए रोजगार उत्पन्न होते हैं अपितु एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को भी प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध कराकर सहयोग देता है। *"समावेश"* का इससे अच्छा स्वरूप नहीं हो सकता।

2.4 तदनुसार, वर्तमान सरकार एम.एस.एम.ई. क्षेत्रों के यूनिटों के लिए विस्तृत सेवाओं के पैकेज के माध्यम से, जिसमें प्रशिक्षण तथा हैंड-होलडिंग सहायता से लेकर वित्त, विपणन तथा तकनीकी सहायता शामिल हैं, समर्थ वातावरण सृजित करने तथा बेरोजगार युवाओं द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की स्थापना पर विशेष जोर दे रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय जोकि उद्यमीय प्रयत्नों को गति देने के लिए तथा इस क्षेत्र को स्थायित्व प्रदान करने के लिए एक नोडल एजेंसी है, को वित्त का आबटंन 11वीं पंचवर्षीय योजना के लगभग 11,000 करोड़ रुपये के मुकाबले 12वीं योजना में दुगने के बराबर लगभग 24,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने अपनी सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.) द्वारा देश भर के 650 से अधिक जिलों, प्रत्येक में 100 नई उपक्रम हर साल लगाने का लक्ष्य रखा है।

2.5 पिछले अनुभवों से यह पता चला है कि योजनाबद्ध प्रयत्नों के माध्यम से स्व-रोजगार, आय-सृजन तथा आर्थिक कार्यों को विकसित करना पूर्णतया संभव है। संभाव्य लाभर्थियों में सफलता की उच्चतर दर को प्राप्त करने के उद्देश्य से समुचित प्रशिक्षण की आवश्यकता भी बार-बार सिद्ध हो चुकी है। इसके लिए प्रोत्साहक परिवर्तन एजेंटों की ओर से विशेज्ञता प्राप्त सक्षमता की आवश्यकता है जिसका विकास प्रशिक्षण मध्यस्थता के माध्यम से किया जा सकता है

2.6 कला प्रशिक्षण का "उद्यम निर्माण" एवं "नियोजिता" में सुधार करने दोनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्किल इंडिया मिशन की रूपरेखा तैयार की तथा उसका कार्यन्वयन कर रही है जिसमें 50 करोड़ युवाओं को सन् 2022 तक कलाओं का प्रशिक्षण देने/उनकी कलाओं में सुधार करने का लक्ष्य है। नेशनल कला विकास कारपोरेशन (एन.एस.डी.सी.) तथा कला विकास पर राष्ट्रीय कांउसिल की स्थापना, राष्ट्रीय कला विकास प्राधिकरण को योजना आयोग के एक अटेच्डड् कार्यालय के रूप में लेने के प्रयत्न जिससे देश भर में निजी जगत की मदद के साथ देश भर में कला प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय कला योग्यता रूपरेखा (एन.एस.क्यू.एफ.) का निर्धारण, सेक्टर स्किल कांउसिल का प्रचालन तथा राष्ट्रीय कला प्रमाण ीकरण और मोनिटरी इनाम योजना जिसका उद्देश्य 10 लाख युवाओं को हर साल प्रशिक्षण देने का है तथा जिसमें शर्त के अनुसार अधि कतम 10,000 रुपये का इनाम देने का प्रावधान है इत्यादि सभी कला प्रशिक्षण के लक्ष्यों की प्राप्ति में मील के पत्थर साबित होगें ।

व्यावहारिक अभीमुखीकरण

2.7 एम.एस.एम.ई. मंत्रालय ने अपने विशेषज्ञता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से 12वीं योजना के अंदर लगभग 42 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षण देने के साथ सन् 2022 तक 1 करोड़ 50 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना है।

कला प्रशिक्षण

अध्याय - 3 प्रशिक्षण गतिविधियाँ (2012-13)

उद्यमिता तथा लघु व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक शीर्षस्थ निकाय होने के नाते यह संस्थान विभिन्न लक्ष्य समूहों - उद्यमियों, प्रशिक्षकों, प्रोत्साहकों, विकास पदाधिकारियों आदि के लिए नवीन प्रशिक्षण कार्यक्रम पैकेज प्रस्तुत करता है। उनकी प्रभाविता को बनाये रखने के उद्देश्य से, संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वे प्रत्येक लक्ष्य-समूह की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। बदलते हुए परिवेश के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए, इन कार्यक्रमों की पाठ्य-सामग्री में निरंतर संशोधन किया जाता है। संस्थान समय-समय पर उभरते हुए आर्थिक/उद्यमीय परिवेश का पुनरवलोकन करता रहता है ताकि तत्कालीन मूल्यों वाले तत्संगत तथा लाभकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शुरू किया जा सके।

यह संस्थान अपने नियमित प्रशिक्षण कार्यकलापों के अलावा इस क्षेत्र में विभिन्न संगठनों/एजेंसियों से प्राप्त अनुरोधों के अनुसार उनकी विशिष्ट प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाए गये तैयार-शुदा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

3.1 संस्थान द्वारा वर्ष के दौरान 2,129 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनसे 53,953 व्यक्तियों को लाभ हुआ। यह कार्यक्रमों की संख्या की सदर्भ में 45% और लाभार्थियों की संख्या के सदर्भ में 49% अधिक थे। सभी श्रेणियों के कार्यकलापों में समग्र रूप से वृद्धि हुई।

बॉक्स 3.1 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या



संस्थान ने वर्ष 2011-12 के दौरान आयोजित 1468 गतिविधियों की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान 2129 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया।

3.2 यह प्रभावशाली प्रदर्शन, संस्थान के प्रबंधन द्वारा बहुविधि कार्यकलापों के विस्तार एवं विविधता के उद्देश्य से प्रगतिशील एवं नवनतीम नीतियां अपनाकर संभव हुआ, जिसमें समय-समय पर सहयोगी संगठनों का सहयोग भी लिया गया। यथापि अधिकांश प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वंय संस्थान द्वारा भिन्न-भिन्न राज्यों/संघ-शासित क्षेत्रों में आयोजित किए गए, 184 कार्यकलाप, प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत संस्थान के भागीदार संस्थाओं के माध्यम से आयोजित किए गए।

3.3 प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों/सहायक संगठनों के अधिकारियों/विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ संकाय आदि को प्रशिक्षण/अभिमुखीकरण उपलब्ध कराने पर अपने जोर को जारी रखते हुए, संस्थान ने वर्ष के दौरान, 653 भागीदारों के लिए 32 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये। हालांकि अधिकांश प्रशिक्षण कार्यकलाप प्रायोजित थे जोकि सम्बन्धित संगठनों के अनुरोध पर आयोजित किए गए, कई कार्यक्रम बाजार उन्मुखी स्व-प्रदत्त थे।

3.4 इंटरनेशनल फाईनेन्स कॉरपोरेशन (आई.एफ.सी.), विश्व बैंक समूह का एक सदस्य, से हुए अपने समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कार्य शुरू करते हुए संस्थान ने 04 प्रशिक्षकों के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की एक श्रंखला, नोएडा, पुणे, गुवाहटी तथा अहमदाबाद में, वर्ष के दौरान आयोजित की। इन चार कार्यक्रमों, जोकि प्रतिभागियों की क्षमताओं में सुधार करने जिससे वह अपने कार्यों को एक प्रभावी ढंग से कर सके के उद्देश्य से आयाजित किए गए, में 69 प्रशिक्षको/प्रोत्साहको/परामर्शदाताओं ने भाग लिया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान, प्रथम कार्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए एक एल्यूमनी बैठक भी आयोजित की गई। इसी तरह जी.आई.जेड. के समझौता ज्ञापन के तहत संस्थान ने पहचान किए हुए बिजिनेस मेम्बरशिप संगठनों (बी.एम.ओ.) के कार्यालय प्रभारियों के लिए दो प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित की। जबकि पहली गतिविधि देश भर से आए उद्योग संघों के अधिकारियों के लिए एक-दो दिवसीय कार्यशाला थी, दूसरी, एक 5 दिवसीय इन संघों के सचिवालय के लिए जर्मनी से आए एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ की निगरानी में आयोजित, एक कैप्सूल कार्यक्रम थी।

3.5 राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना (आर.जी.यू.एम.वाई.) के अंतर्गत उद्यमी मित्रों के कार्यक्रम (05); रेशम विभाग, हौशंगाबाद, मध्य प्रदेश के अधिकारियों तथा कार्यकारियों (03) तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) के प्रधानाचार्यो एवं वरिष्ठ संकायों की क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 224 व्यक्तियों ने भाग लिया।

इसके अलावा, संस्थान ने अपने भागीदार संस्थाओं तथा आभारभूत संरचना उपलब्ध कर्ताओं के 87 समन्वयको/संकाय को अभिमुखीकरण प्रदान करने के लिए, एम.एस.एम.ई. की *प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ योजना* के अंतर्गत 03 प्रशिक्षकों प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रंखला का आयोजन किया ताकि वह योजना के अंतर्गत कार्यक्रम प्रभावी तौर पर आयोजित कर सके।

3.6 उद्यमीय आंदोलन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, संस्थान ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम का एक ई-लर्निंग मॉडयूल उन व्यक्तियों, विशेषकर विद्यार्थियों के अधिक लाभ के लिए विकसित किया जोकि विभिन्न कारणों के चलते विधिवत तरीके से पूर्णकलिक ई.डी.पी. में भाग नहीं ले सकते। गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान राज्यों में वर्ष के दौरान मॉडयूल को लागू करने के बाद 457 व्यक्तियों को मॉडयूल में पंजीकृत और प्रमाणित किया गया। संस्थान ने विशेष रूप से तैयार अपने परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रमाणन मॉडयूल जोकि भारतीय स्थितियों के उपयुक्त है, को भी

वर्ष के दौरान आरंभ किया। यह एक सर्वसार्विक सच है कि सरकारी एजेसियों, उद्योग जगत एवं लाभ के लिए नहीं संगठनों के उन व्यक्तियों को जोकि विभिन्न परियोजनाओं के नियोजन/कार्यान्वयन में शामिल है, के अभीमुखीकरण से अधिकतर समय एवं लागत वृद्धि को समाप्त किया जा सकता है।

3.7 वर्ष के दौरान, एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) से संबंधित विभिन्न स्कूलों के 73 अध्यापकों के लिए 03 पायलट अभिमुखीकरण कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसके अलावा, विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यालय के तत्वाधान में बौद्धिक संपदा अधिकारो (आई.पी.आर.) पर 10 जागरूकता संवेदीकरण कार्यशालाओं की एक श्रृंखला, विभिन्न औद्योगिक कलस्टरों, में आयोजित की गई।

3.8 संस्थान की उद्योगों को प्रशिक्षित जनशक्ति की पूर्ति बढ़ाने के प्रयत्नों के फलस्वरूप, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मिशन कन्वर्जेन्स, सामाजिक सुविधा संगम के तत्वाधान में कला प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया गया। तीन माह प्रत्येक वाले विभिन्न व्यवसायों/कलाओं में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में चिन्नत: वर्गों के 425 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की, मांग पर आधारित देश भर में ई.डी.पी. आयोजित करने की पहल के रूप में, संस्थान ने एक पॉयलट उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे 24 लोगों ने भाग लिया। अन्यों के अलावा, एस.बी.आई. के अधिकारियों ने बैंक की विभिन्न सू.ल.म.उ. के लिए योजनाएँ/उत्पादों के बारे में प्रतिभागियों को बताया। पुर्नावास निदेशालय (डी.जी.आर.) द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के तीनों अंगों से सेवानिवृत होने वाले 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।

3.9 बाजार उन्मुखी शुल्क आधारित कला प्रशिक्षण कार्यक्रमों की डिजाइनिंग एवं आयोजन पर अपने बल को जारी रखते हुए, संस्थान ने वर्ष के दौरान 96 ऐसे उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें 1,924 लोगों ने भाग लिया। फूड प्रोसेसिंग, कम्प्यूटर एकाउंटिंग विद टैली, कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग तथा डेस्क-टॉप पब्लिशिंग पर कार्यक्रमों को अधिकतम प्रत्युचतर प्राप्त हुआ।

3.10 संस्थान के उद्यमिता को बनाए रखने के लिए लघु उद्यम सतत् शिक्षा कार्यक्रम (एस.ई.सी.ई.पी.) के अंतर्गत मौजूदा/संभवी उद्यमियों तथा उनके कार्यकारियों के लिए निर्यात प्रक्रिया एवं डोक्यूमेन्टेशन (प्रलेखन) पर 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला तथा रचनात्मक एवं नवीनता के माध्यम से संगठनात्मक विकास पर 04 कार्यक्रमों में क्रमश: 165 एवं 30 व्यक्तियों ने भाग लिया।

3.11 वर्ष के दौरान संस्थान ने एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत 46,469 व्यक्तियों के लिए 1,923 उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया। 100 घंटे से 300 घंटे वाले इन कार्यक्रमों द्वारा 64 विभिन्न व्यवसायों को शामिल किया गया जिसमें से 23 व्यवसायों/कलाएँ में कार्यक्रम वर्ष के दौरान पहली बार आयोजित किए गए थे। अधिकांश कार्यक्रम बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, ओडिसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में संस्थान द्वारा खुद से आयोजित किये गए। क्योकि अधिकांश कार्यक्रम, परिसर से बाहर हुए थे, इनकी नियमित रूप से मानीटरिंग हुई ताकि इनकी प्रभाविता को बनाया रखा जा सके। इन कार्यक्रमों की एक खास विशेषता यह थी कि इन गतिविधियों में मानकीकृत पर कोर ग्रुप की सिफारिशों के आधार पर मानकीकृत पाठ्यक्रम अपनाया गया।

ग्राफ 3.1 **प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या**



3.12 संस्थान द्वारा वर्ष में आयोजित 12 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 54 विभिन्न देशों से आए 245 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अन्य के अलावा आयोजित किये गये कार्यक्रमों में लघु व्यवसाय नियोजन एवं संवर्धन पर कोलंबो प्लान सचिवालय के 09 अधिकारियों के लिए एक अनुरोध कार्यक्रम तथा तीन कार्यक्रम: लीड लेखा-परीक्षकों एवं परामर्शदाताओं के लिए समग्र क्वालिटी प्रबंधन (टी.क्यू.एम.एल.ए.सी.); अंतरराष्ट्रीय विपणन एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा (आई.एम.जी.सी.) तथा कलस्टर विकास-सू.ल.म.उ./उद्यमिता के लिए उभरती रणनीति (सी.डी.ई.एस.-एम.एस.एम.ई.) शामिल थे जोकि संस्थान द्वारा वर्ष में पहली बार आयोजित किये गए।

3.13 संस्थान द्वारा 2012-13 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा नीचे प्रस्तुत है:-

3.13.1 प्रशिक्षकों /प्रोत्साहको का प्रशिक्षण

संस्थान एक राष्ट्र स्तरीय उद्यमिता निकाय होने के नाते देश में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की उपलब्धता को बढ़ाने में अपना योगदान देता रहा है, जो लाभार्थियों को सीधे प्रशिक्षण प्रदान करते हैं या सहायता सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार है। इस तरह, उद्देश्य है कि कार्यकलापों का कासकेडिंग प्रभाव हो। ऐसे प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की आवश्यकता हाल में प्रत्यक्ष

कारणों से बढ़ रही है: उद्यमिता कैरियर के लिए इच्छुक व्यक्तियों की बढ़ती संख्या और विभिन्न सरकारी स्कीमों के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के लिए पूर्व-अपेक्षानुसार उद्यमी प्रशिक्षण पर जोर दिया जाना। इन प्रशिक्षण कार्यकलापों का मुख्य उद्देश्य भिन्न-भिन्न रूपों में प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की क्षमताओं विकसित/मजबूत करना है ताकि वे अपनी संबंधित भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें।

निसबड-आई.एफ.सी. के कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में (बाएं से दाएं) श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक, निसबड; श्री सी.के. मिश्रा, पूर्व सयुंक्त सचिव (सू.ल.म.उ.); श्री अनिल सिन्हा, क्षेत्रीय प्रमुख, साऊथ एशिया एडवाईजरी सर्विसेस, आई.एफ.सी. तथा कु. जीवा पेरुमलपिलैई, ऐसक्स, क्षेत्रीय प्रबंधक, आई.एफ.सी

इंटरनेशनल फाईनेंस कोरपोरेशन (आई.एफ.सी.) विश्व बैंक समूह का एक सदस्य, से पूर्व में हुए अपने समझौता ज्ञापन के अनुसार, संस्थान ने वर्ष के दौरान, विभिन्न स्थानों पर, प्रशिक्षकों के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के 69 प्रतिभागी पहले एक कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरें। यह कार्यक्रम जोकि नोएडा; पुणे; गुवाहाटी एवं अहमदाबाद में, भारत में एम.एस.एम.ई./प्रशिक्षकों की उद्यमीय तथा व्यवसाय कलाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए, आई. एफ.सी.के. बिजिनेस ऐज™ कार्यक्रम पर आधारित थे जिसको अब तक 30 से भी ज्यादा देशों में 1,000 बिजिनेस कला प्रशिक्षकों की कलाओं को अपग्रेड तथा प्रमाणित करने के लिए प्रयोग में लाया जा चुका है। प्रथम कार्यक्रम के प्रशिक्षको के लिए एक एल्यूमनी बैठक भी आयोजित की गई जिसमें 13 प्रशिक्षको तथा निर्धारकों के सामने आए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा जिससे प्रशिक्षको तथा निर्धारकों को रिफ्रेशर प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ।

संस्थान ने वर्ष के दौरान उद्यमीय मोटीवेंशनल प्रशिक्षकों के लिए 02 प्रत्यायन कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह कार्यक्रमों- एक प्रथम चरण तथा एक अंतिम चरण- में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतिम चरण के सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरान्त 08 प्रतिभागियों का प्रशिक्षको के रूप में प्रत्यायन हुआ। एक, एक सप्ताह वाला संगठन के विकास एवं उत्कृष्टता हेतु अभिनव नेतृत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, नेतृत्व के मूलभूत कार्यों/तकनीकों तथा प्रतिभागियों को इनका, संगठन के विकास तथा विस्तारीकरण में उपयोग के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) के कार्यलय से आए 12 अधिकारियों सहित 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्य प्रतिभागी एन.एस.आई.सी.; के.वी.आई.सी., केनरा बैक तथा एस.टी.सी. से आए थे।

प्रशिक्षकों/प्रोत्साहको, वरिष्ठ कार्यकारियों आदि को उपलब्ध समय का कैसे अधिकतम उपयोग करें, कार्य की विभिन्न मदों में प्राथमिकता कैसे करे तथा अधिकतम नतीजों को प्राप्त करने के लिए कार्य संबंधी तनाव कैसे दूर करे, के बारे मे अभिमुख करने के उद्देश्य से संस्थान ने "तनाव एवं समय प्रबंधन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाईन किया तथा उसके दो बैचस् का प्रशिक्षण आयोजित किया। द्वारका, गुजरात तथा गोआ में आयोजित इन दो कार्यक्रमों में 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जबकि पहले बैच के 11 प्रतिभागी तथा दूसरे के 09 विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) के कार्यालय द्वारा प्रायोजित अधिकारी थे। दूसरे कार्यक्रम में विभिन्न पी.एस.यू. तथा कोरपोरेटस् से आए 13 वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

जी.आई.जेड. के साथ एम.एस.एम.ई. अमब्रेला कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में बिजिनेस मेम्बरशिप संगठनों (बी.एम.ओ.) की क्षमता निर्माण पर अपने समझौता ज्ञापन के अनुसार, संस्थान ने जी.आई.जैड के सहयोग से बी.एम.ओ. के सचिवालय के लिए, एक 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के 20 प्रतिभागियों को, एसोशिएशन प्रबंधन; राजस्व सृजन; सार्वजनिक सहायता योजनाओं; सर्मथन तथा बिजिनेस दायित्वों के क्षेत्रों में अभिमुख किया गया।

जिला उद्योग केन्द्र, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश के साथ पंजीकृत विभिन्न उद्योग संगठनों के 70 सदस्यों के लिए, निर्यात प्रणाली एवं डोक्यूमेंटेशन पर एक दो-दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम संस्थान द्वारा, विशेष तौर पर डिजाईन तथा आयोजित किया गया।

रक्षा मंत्रालय के पुर्नावास निदेशालय से हुए अपने समझौते के अनुसार, संस्थान ने ड्रीम-व्हिस्लेर्ज एंटरटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से, लघु/ग्रामीण उद्यमिता पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष के दौरान, अपने परिसर में आयोजित किया। 16-सप्ताह वाला कार्यक्रम जिसमें पुर्नावास निदेशालय द्वारा सशस्त्र बलों के तीनों अंगों-थल सेना, वायु सेना एवं नौ सेना से आए 15 प्रतिभागी थे, काफी गहन साबित हुआ। प्रतिभागियों के स्वभाव तथा चेतना और एक आर्थिक उद्यम की स्थापना एवं संचालन के बीच के अंतर को भरने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

3.13.2 विकास अधिकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम

उद्यमिता संवर्धन के विभिन्न पहलुओं में सहायक संगठनों के पदाधिकारियों को सतत् अभिमुखीकरण की उपलब्धता पर ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता है। वांछित लक्षित समूहों में उद्यमी संस्कृति के संवर्धन में इन चेंज एजेंटों की भूमिका संभावित लाभार्थियों के साथ पहले प्रत्यक्ष आदान-प्रदान के कारण, निर्णायक बन जाती है।

संस्थान इन पदाधिकारियों के लिए भिन्न-भिन्न अभिमुखीकरण/पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यकलापों को आयोजित करता रहा है, जिससे उनके कामों को प्रभावी ढंग से संपन्न करने में उनकी क्षमताओं में वृद्धि की जा सके। वर्ष 2012-13 में 178 व्यक्तियों की संयुक्त भागीदारी के साथ कुल ऐसे 10 कार्यकलापों को आयोजित किया गया।

एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की राजीव गांधी मित्र योजना (आर.जी.यू.एम.वाई.) के अंतर्गत, संस्थान ने 73 उद्यमी मित्रों के लिए 05 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को योजना का अवलोकन, कार्य तथा कर्तव्यों आदि के बारे में बताने ताकि वह अपना कार्य प्रभावी ढंग से कर सके, के उद्देश्य से आयोजित किये गए।

वर्ष के दौरान, रेशम विभाग, हौशंगाबाद, मध्य प्रदेश के 55 अधिकारियों/कार्यकारियों के लिए तीन कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों की क्षमता निर्माण था ताकि वह लोगों की धारणाओं में अंतर को भर सके ताकि वह अपने कार्यों का प्रभावी ढंग से निर्वाह कर सके।

निसबड-जी.आई.जैड. के बिजिनेस मेम्बरशिप संगठनों के पदाधिकरियों के लिए आयोजित कार्यक्रम का एक सैशन

संस्थान ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) तथा जी.आई.जेड. के सहयोग से सी.बी.एस.ई.-निसबड-जी.आई.जेड. सेनिटेशन तथा ज्ञान विकास सैल के अधिकारियों के लिए, नई दिल्ली में एक 3-दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम जोकि प्रतिभागियों में सेनिटेशन तथा स्वास्थय/सफाई विशेषकर देश भर के विद्यालयों में, की महत्वत्ता एवं तकनीकों के बारे मे जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, में सी.बी.एस.ई., निसबड, जी.आई.जेड., ई.एस.एफ., आपदा प्रबंधन, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली जल बोर्ड तथा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने भाग लिया।

इसके अलावा, व्यावसायिक नियोजन कलाओं पर विशेष रूप से डिजाइनड एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अंग्रेजी भाषा, उद्यमिता, संप्रेषण कलाएं, क्वालिटी टूल्स तथा व्यवसायिक सुरक्षा जैसे विषय शामिल थे।

3.13.3 उद्यमिता को बनाये रखने के लिए लघु उद्यम सतत् शिक्षा कार्यक्रम (एस.ई.सी.ई.पी.)

लघु उद्यमों को संपोषण प्रदान करने तथा ऐसी इकाइयों को व्यवहार्य इकाई बनाने के लिए यह संस्थान अपने लघु उद्यम सतत् शिक्षा कार्यक्रम (एस.ई.सी.ई.पी.) के माध्यम से कार्यशील उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस श्रेणी के अंतर्गत अल्पावधि के कार्यक्रम चलाए जाते हैं ताकि उद्यम प्रबंधन के महत्वपूर्ण कार्यत्मक क्षेत्रों में कार्यदक्षता प्रदान की जा सके और गहन ज्ञान विकसित किया जा सके। संस्थान ने वर्ष के दौरान 71 व्यक्तियों के लिए परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रमाणन पर कार्यक्रमों के अलावा, जैसा कि बाद में बताया गया है, इस श्रेणी में 414 व्यक्तियों के लिए 26 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये।

वर्ष के दौरान निर्यात-आयात प्रक्रिया एवं प्रलेखन पर 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें 165 मौजूदा /संभावित उद्यमियों, एम.एस.एम.ई. के वरिष्ठ कार्यकारियों, परामर्शदाताओं आदि ने भाग लिया। एक सप्ताह वाले इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अन्य के अलावा निर्यात संगठन की स्थापना, विदेशी व्यापार नीति एवं अंतरराष्ट्रीय वातावरण, उत्पाद एवं देश का चयन, इन्कोटर्मस 2010, भुगतान की टर्मस, एवं लैटर ऑफ क्रेडिट, निर्यात वित्त तथा एफ.ई.एम.एस., प्रलेखन, इंटरनैट विपणन तथा ई-कार्मस इत्यादि विषयों को शामिल किया गया।

रचनात्मक एवं नवीनता के माध्यम से संगठनात्मक विकास पर 04 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कलाओं पर कार्यक्रम में 09 स्कूली विद्यार्थियों/पास करने वाले ने भाग लिया। एम.एस.एम.ई. के लिए "वित्त कैसे जुटाएँ" पर दिन-भर के अभिमुखी कार्यक्रम में एम.एस.एम.ई के मालिको/कार्यकारियों/परामर्शदाताओं ने भाग लिया।

नेतृत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 अधिकारी उपस्थित थे जिनको नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया गया और जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के नेतृत्व के गुणों को उनकी अपनी संगठनों के विकास के लिए, सशक्त करना था।

संस्थान ने रचनात्मक बाधाओं पर पार पाने के लिए रचनात्मक एवं नवीनतम कलाएँ पर एक-दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम देहरादून में ऑयल एण्ड नेचरूल गैस कमीशन (ओ.एन.जी.सी.) के नए भर्ती हुए कर्मचारियों के लिए था। इस का उद्देश्य रचनात्मक प्रक्रिया को नवीनता एवं उत्कृष्टता के लिए समझना तथा प्रतिभागियों की उनके अपने-अपने अवरोधों जोकि उनको रचनात्मक एवं नवीन होने से रोकते हैं, की पहचान करने में मदद करना था। अभिमुखीकरण के दौरान, प्रतिभागी उन अवरोधों की पहचान कर सके तथा समूह कार्यों के द्वारा उन पर विजय पाने के लिए रणनीति तैयार कर सके। कार्यक्रम को 168 प्रतिभागियों, जोकि देश के विभिन्न स्थानों पर अपने-अपने कर्तव्यों को ग्रहण करके अपने जीवन के एक नए अध्याय में प्रवेश करने ही वाले थे, द्वारा बहुत लाभकारी पाया गया।

3.13.4 विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ संकायों/कार्यकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम

संस्थान दोनो सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों के विभिन्न संगठनों के विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ संकायों/कार्यकारियों को अभिमुखीकरण उपलब्ध कराता आ रहा है। इन कार्यकलापों का उद्देश्य प्रतिभागियों की उनके संबंधित क्षेत्रों मे ज्ञान/समझ को अद्यतन करना है ताकि उनमें एक विश्वास की भावना आ सके तथा उनके कार्यो को प्रभाविता प्रदान हो सके।

संस्थान ने उक्त अवधि के दौरान आई.टी.आई. के 96 प्रधानाचार्यो एवं वरिष्ठ संकायों के लिए 05 क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की एक श्रंखला आयोजित की जोकि पूर्व में, श्रम तथा रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से 1396 सरकारी आई.टी.आई. के अपग्रेडेशन" की स्कीम के अधीन, पहचान किये गये थे। इन कार्यक्रमों के प्रतिभागी जम्मू एवं कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा अरूणाचल प्रदेश से आए थे। क्योंकि आई.टी.आई. में प्रधानाचार्य केन्द्रीय बिन्दु होते हैं, जहां स्कीम के कार्यकलापों की संपूर्ण रेंज अभिसंचित होती है, इस बात की परम आवश्यकता है कि उनको आई.टी.आई. के वरिष्ठ संकायों के साथ विभिन्न क्षमता निर्माण/अभिमुखी कार्यक्रमों के द्वारा योजना की नवीनतम विशेषताओं से अवगत कराया जाए।

संस्थान ने अपने भागीदार संस्थाओं तथा आधारभूत संरचना उपलब्धकर्ताओं के, कार्यक्रमों निदेशकों/संकाय के लिए 03 अभिमुखी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। कार्यक्रम जोकि एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओ की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत आयोजित किये गए, ने 87 व्यक्तियों को, योजना के अधीन प्रशिक्षण गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं, उद्देश्य, उद्यमिता विकास की योजनाओं तथा विद्यार्थियों को उद्यमीय जीवन की ओर कैसे प्रेरित करे, को मिलाकर, अभीमुखीकरण उपलब्ध कराया।

इसके अलावा, शिक्षण प्रणाली विज्ञान पर एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम, संस्थान के भागीदार संस्थाओं के 27 मुख्य संकाय के लिए आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था, प्रतिभागियों को समकालिक शिक्षण तकनीकों; ग्रामीण/दूर-दराज इलाकों में सहायक समाग्री/टूल्स का उपयोग; आर.जी.यू.एम.वाई., पी.एम.ई.जी.पी. इत्यादि जैसे प्रशिक्षण के बाद वाली सहायता योजनाओं के प्रभावी निष्पादन आदि के बारे में अवगत कराना था, ताकि वह प्रतिभागियों को स्वरोजगार में प्रेरित/मार्गदर्शन को बेहतर ढंग से कर सके।

3.13.5 सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालाएं

वर्ष के दौरान, संस्थान ने इस वर्ग में 14 गतिविधियाँ 625 भागीदारों के लिए आयोजित की। संस्थान ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से, एक, 3 दिवसीय अध्यापकों के लिए तीन पायलट अभिमुखीकरण कार्यशालाओं की श्रृंखला का आयोजन किया जिसमें 40 विभिन्न बोर्ड से संबंधित विद्यालयों के 73 अध्यापकों ने भाग लिया। एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत आयोजित इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को उद्यमिता शिक्षण एक विषय के रूप में, को कैसे प्रभावकारी तथा अर्थपूर्ण बनाए, में अभिमुखीकरण देना था। इन विशेष तौर पर बनाई हुई गतिविधियों की पाठ्यक्रम में अन्य के अलावा उद्यमिता के लाभ; एक उद्यमी के गुण तथा एक उद्यम को कैसे स्थापित करे, जैसे विषय शामिल थे। पायलट अभिमुखी कार्यशालाओं के परिणाम को देखते हुए निकट भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की संभावना है।

संस्थान ने जी.आई.जैड. के सहयोग से एक दो-दिवसीय कार्यशाला देश भर से आए 15 उद्योग संघो के 25 अधिकारियों के लिए आयोजित की। बी.एम.ओ./उद्योग संघ एक आर्थिक परिवेश में सरकार, उद्यमियों तथा दूसरे घटकों के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक के रूप में सेवा/कार्य करते हैं। यह उद्यमों की आवश्यकताओं जैसे क्रेडिट व्यवसाय विकास सेवाओं (बी.डी.एस.), सार्वजनिक सहायता योजनाओं आदि को पूरा करने में प्रभावकारी सहायक तथा उपलब्ध कराने वाले चैनल हो सकते हैं।

संस्थान ने विभिन्न औद्योगिक क्लस्टरों में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आई.पी.आर.) पर 10 जागरूकता संवेदीकरण कार्यशालाओं की एक श्रृंखला, इन क्लस्टरों में कार्यरत उद्यमों के लाभ के लिए आयोजित की। विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) कार्यालय के तत्वाधान, मेरठ, सहारनपुर, अहमदाबाद, पानीपत, वाराणसी, आगरा, जयपुर, लखनऊ, अम्बाला तथा फिरोजाबाद, में आयोजित इन कार्यशालाओं में कुल 527 कलस्टर उद्यमियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में अपने बिजिनेस कार्य के विस्तारण तथा बनाए रखने में, विभिन्न आई.पी.आर. टूल्स, की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना था।

अफगानिस्तान

अरमिनिया

अर्जेनटीना

बंगलादेश

भूटान

बोत्सवाना

कोलंबिया

डी.आर. कोंगो

इथोपिया

फिजी आईलैंडस

घाना

गुनिया बीसाऊ

गुनिया

इंडोनेशिया

3.13.6 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की इंडिया टेक्निकल एंड ईकनामिक कोपरेशन (आई.टी.ई.सी.) तथा दूसरी फैलोशिप योजनाओं के अंतर्गत, संस्थान अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए, विदेश मंत्रालय द्वारा सूचीबद्ध है। संस्थान सामान्यता एक वर्ष में 10-12 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

आमतौर पर आठ-सप्ताह वाले इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक तकनीकों, कार्यप्रणालियों आदि से सुसज्जित करना होता है ताकि वे अपने-अपने देशों में लघु व्यवसाय का प्रशिक्षण / प्रोत्साहन देने का अपना कर्तव्य प्रभावी ढंग से निष्पादित कर सकें। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अधिकांश नामांकन आई.टी.ई.सी./एस.सी.ए.ए.पी. और कोलंबो प्लान फैलोशिपस् के अंतर्गत भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से प्राप्त होते हैं।

अपने घोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, यह संस्थान विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों/एजेंसियों, प्रभुता-संपन्न सरकारों आदि से प्राप्त अनुरोधों के अनुरुप तैयार, प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। वर्ष के दौरान, लघु व्यवसाय नियोजन एवं संवर्धन (एस.बी.पी.पी.) पर इस तरह का एक विशेष कार्यक्रम कोलंबो प्लान सचिवालय के 09 प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया गया।

वर्ष 2012-13 के दौरान, संस्थान ने 12 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें 54 देशों से आए 245 व्यक्तियों ने भाग लिया जिससे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उद्यमिता विकास में विभिन्न प्रकार के भारतीय अनुभवों के आदान-प्रदान करने का अद्वितीय अवसर मिला।

उभरते तथा समकालीन क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा को तैयार कर उनको आयोजित करने की अपनी परम्परा को जारी रखते हुए संस्थान ने वर्ष के दौरान टी.क्यू.एम.-एल.ए.सी.; आई.एम.जी.सी. तथा सी.डी.ई.एस-एम.एस.एम.ई. पर तीन नये प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आरंभ किया, जिनमें कुल 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

वर्ष के दौरान आयोजित किये गये बारह कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:-

3.13.6 (क) व्यवसाय सलाहकारों का प्रशिक्षण (बी.ए.टी.)

बी.ए.टी. पर संस्थान के सत्तरवें प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान, ईथोपिया, इराक, लॉओस, मालावी, मॉरीशस, मयंमार, नाइजीरिया और जिंबावे से आए 12 उद्यमी व्यक्तियों ने भाग लिया। आठ सप्ताह अवधि का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यम प्रबंधन के विवेचनात्मक बिन्दुओं का निराकरण करने, लघु उद्योग के संबंध में नीतियों और कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी सुदृढ़ करने और व्यवसाय

मलावी

इराक

ईरान

आईवरी कोस्ट

जामाईका

कीनिया

किरिगस्तान

कजाकिस्तान

लाओ पी.डी.आर.

लीस्थो

लिथुवानिया

मैडगास्कर

मालद्वीवस

परामर्शन आदि की दक्षताओं को बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। कक्षा की पढ़ाई की संपूर्ति करने की दृष्टि से प्रतिभागियों को आगरा, दिल्ली, जयपुर और चंडीगढ़ शहरों में स्थित विभिन्न लघु इकाइयों एवं सहायक संगठनों का अध्ययन दौरा भी कराया गया।

मॉरीशस

मंगोलिया

3.13.6 (ख) मानव संसाधन विकास और उद्यमिता शिक्षा (एच.आर.डी.ई.ई.)

संस्थान ने वर्ष के दौरान एच.आर.डी.ई.ई. पर अपना सातंवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उद्यमीय एवं प्रबन्धकीय शिक्षा में संलग्न वरिष्ठ अधिकारियों, कार्यपालकों और परामर्शदाताओं के लिए आठ सप्ताह का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रतिभागियों को मानव संसाधन की प्रक्रिया एवं उद्यमिता के साथ इसके संबंध को समझने; उद्यमिता-गुणों तथा मोटिवेशन को बढ़ाने एवं नवीन कार्यो के लिए प्रेरित करने; उद्यमों/संगठनो के निर्माण एवं प्रबंधन हेतु क्षमताओं तथा योग्यताओं का विकास करने और उद्यमिता के माध्यम से मानव संसाधन विकास संबंधी हस्तक्षेप हेतु कार्य योजना बनाने, के उद्देश्य से आयेजित किया गया। इस कार्यक्रम में घाना, इराक, किरिगस्तान, लॉओस, लिथुवानिया, मालावी, मॉरीशस, नाइजीरिया, सियारा लियोन, श्रीलंका, तंजानिया, उज्बेकिस्तान और जिंबावे से आए 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मयंमार

नॉबिया

नेपाल

नाइजीरिया

3.13.6 (ग) लघु व्यवसाय नियोजन एवं संवर्धन (एस.बी.पी.पी.)

एस.बी.पी.पी. पर वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा आयोजित किए गए बाइसवें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अर्जेनटीना, बंगलादेश, लॉओस, लिथुवानिया, मालावी, मॉरीशस, मयंमार, नामिबिया, नाइजीरिया, पपुआ न्यू गुइनिआ, रूस, सियारा लिओन, श्रीलंका, सूडान, तजाकिस्तान, तंनजानिया, टोगो, यूगांडा और जिंबावे से आये 28 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम को व्यापक कवरेज देने के उद्देश्य से पूर्ण पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु को निम्नलिखित सात मुख्य मॉडयूलों में आबंटित किया गया - लघु व्यवसाय सृजन, लघु व्यवसाय नियोजन, लघु व्यवसाय अवसरों का मूल्यांकन, लघु व्यवसायक उद्यमियों के लिए उद्यमीय गुण, लघु व्यवसाय प्रबंधन दक्षताएं, लघु व्यवसाय संवर्धको की भूमिका एवं कार्य तथा अनेक लघु व्यवसाय उद्यमों और औद्योगिक उद्यमों के फील्ड दौरों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के सहायक संगठनों का दिल्ली के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों के फील्ड दौरे।

नाईजर

ओमान

पपुआ न्यू गुइनिआ

रूस

3.13.6 (घ) स्वयं सहायता समूहों का निर्माण, विकास और स्थायीत्व (एस.एच.जी.एफ.जी.एस.)

श्रीलंका

समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर महिलाओं में उद्यमिता और आर्थिक कार्यकलापों के संवर्धन में स्वयं सहायता समूहों की स्थापना के बढ़ते महत्व को समझते हुये, संस्थान ने एस.एच.जी.एफ. जी.एस. पर अपना छठा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया। आठ सप्ताह का कार्यक्रम सहभागियों को समूह निर्माण की

स्लोवाकिया

साउथ अफ्रीका

सूडान

सीरिया

तजाकिस्तान

तंजानिया

टोगो

तुनिशिया

यूगांडा

उज्बेकिस्तान

वियतनाम

यमन

ज़ाम्बिया

जिबांवे

प्रक्रिया और स्थायित्व की तकनीक और स्वयं सहायता समूहों के विकास की जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बंगलादेश, बोतस्वाना, इथोपिया, जामाईका, लॉओस, मॉरीशस, मयंमार, पपुआ न्यू गुइनिआ, रूस, श्रीलंका, सूडान, तजाकिस्तान और जिंबावे के 13 देशों के 18 सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहभागियों को स्वयं सहायता समूहों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास हेतु भारतीय अनुभवों और अपनाई जा रही तकनीकों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

3.13.6 (ड.) कोलंबों प्लान सचिवालय के लिए अनुरोध कार्यक्रमः लघु व्यवसाय नियोजन एवं संवर्धन (एस.बी.पी.पी.)

कोलंबों प्लान सचिवालय से प्राप्त अनुरोध के अनुसार एस.बी.पी.पी. पर 4 सप्ताह का यह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिवालय के 6 विभिन्न देशों : फिजी, इंडोनेशिया, ईरान, मालद्वीवस, नेपाल और श्रीलंका से आए 9 अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मौजूदा उद्यमियों को वर्धन तथा विकास के लिए, आर्थिक कार्यकलापों का विस्तार, आधुनिकीकरण या विविधकरण के लिए सलाह देने तथा संभावित युवा उद्यमियों को अपना-अपना सूक्ष्म/लघु उद्यम को स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन/सहायता देने की, प्रतिभागियों की क्षमताओं का विकास करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय के संवर्धन में भारतीय अनुभवों का प्रतिभागियों से विस्तृत आधार पर आदान-प्रदान किया गया क्योंकि वह भी लगभग इसी तरह की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से आए थे।

3.13.6 (च) उद्यमिता तथा आय-सृजन कार्यकलापों का संवर्धन (ई.पी.आई.जी.ए.)

ई.पी.आई.जी.ए. पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 देशों के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया जो बंगलादेश, बोतस्वाना, इथोपिया, गुनिया बीसाऊ, आईवरी कोस्टा, कीनिया, मालावी, रूस, श्रीलंका, युगांडा और जिंबावे से थे। इस कार्यक्रम का आयोजन आय-सृजन के लिए उद्यमिता विकास प्रक्रिया की पूरी जानकारी हासिल करने; उपयुक्त सूक्ष्म उद्यमों की पहचान एवं चयन करने के लिए क्षमताओं का विकास करने और सूक्ष्म उद्यमों की पहचान, सृजन, विकास एवं संचालन करने के लिए डिजाइन/नियोजन तकनीकों का ज्ञान/कुशलता प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

3.13.6 (छ) महिलाएं और उद्यम विकास (डब्ल्यु.ई.डी.)

डब्ल्यु.ई.डी. पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में डी.आर. कोंगो, फिजी, गुनिया बीसाऊ, आईवरी कोस्ट, मयंमार, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और जिंबावे के 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आठ सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को महिला उद्यमिता विकास के क्षेत्रों में प्रभावशाली प्रशिक्षक/प्रोत्साहक/परामर्शक बनाने में मदद करना था ताकि वे अपने-अपने

अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान

संबद्ध देशों में आर्थिक कार्यकलाप शुरु करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित कर सकें। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न आर्थिक स्तरों की महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे लघु उद्यमों के सृजन तथा उन्हें बनाए रखने के विशेष उद्देश्य से महिला उद्यमिता विकास पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया गया। इस कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में उद्यम निर्माण में लिंग मुद्दों; माइक्रो क्रेडिट; ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वं-सहायता समूहों के गठन; ग्रामीण विपणन आदि पर विशेष ध्यान दिया गया।

3.13.6 (ज) लघु व्यवसाय प्रशिक्षकों/प्रोत्साहको के लिए उद्यमिता (ई.एस.बी.-टी.पी.)

ई.एस.बी.-टी.पी. पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान, इथोंपिया, घाना, गुनिया बीसाऊ, गुनिया, इन्डोनेशिया, आईवरी कोस्ट, लाओ पी.डी.आर., लिथुवानिया, मालावी, मॉरीशस, मयंमार, नाईजर, नाईजीरिया, श्रीलंका, तजाकिस्तान, तंनजानिया, वियतनाम, यमन, जांबिया और जिंबावे से आए 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया था कि विकासशील देशों के प्रशिक्षक और प्रोत्साहक, उद्यमिता विकास प्रक्रिया को समझ सकें, भावी उद्यमियों के लिए उद्यमिता प्रेरणा प्रशिक्षण (ई.एम.टी.) कार्यक्रम तैयार करना एवं आयोजित करना सीख सकें, सक्षम उद्यमियों की पहचान करने हेतु दक्षता हासिल कर सकें और उनको स्थापित करने के लिए समुचित चयन तकनीकों/साधनों का इस्तेमाल कर सकें, उद्यम शुरु करने संबंधी प्रक्रिया को समझ सके, अवसरों को भांप सके, परियोजना तैयार कर सकें, संसाधनों का मूल्याकंन और एकत्र कर सके, उद्यमों को सफलतापूर्वक चलाने के संबंध में लाभानुग्राहियों का मार्गदर्शन करने की क्षमता प्राप्त कर सकें और

उद्यमियों द्वारा अपने उद्यमों की स्थापना करने के संबंध में उन्हें योजना बनाने संबंधी पूरी जानकारी दे सकें और तत्संबंधी सहायता प्रदान कर सकें। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में अन्य विषयों के अलावा भावोत्तेजक समझ, बी. पी. आर. एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) अनुप्रयोग विषयों को भी शामिल किया गया था।

3.13.6 (झ) संगठन की ग्रोथ तथा उन्नयन के लिए अभिनव नेतृत्व (आई.एल.ओ.जी.ई.)

संस्थान ने आई.एल.ओ.जी.ई. पर अपना दूसरा 8-सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न 23 देशों अर्थात अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, कोलंबिया, इन्डोनेशिया, कजाकिस्ताान, केन्या, लीस्थो, लिथुवानिया, मेडागास्कर, मॉरीशस, मयंमार, नाईजर, नाईजीरिया, ओमान, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, तजाकिस्तान, तुनिशिया, यूगांडा, उजबेकिस्तान और जिंबावे से आए कुल 40 भागीदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को विचारों के उत्पन्न, समझने की कला तथा विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए विकास योजनाओं तथा कार्यक्रमों के डिजाइनिंग तथा कार्यान्वयन के सदंर्भ में लीडरस्/इनोवेटरस् के रूप में विकसित करना था। कार्यक्रम अन्य बातों के साथ-साथ संगठनों की वृद्धि, उत्तमता एवं स्थायित्व सुनिश्चित करने हेतु सकारात्मक अभिमुखीकरण एवं व्यावसायिक कला विकसित करने पर केन्द्रित था।

3.13.6 (ञ) लीड लेखापरीक्षको तथा परामर्शदताओं के लिए सम्रग क्वालिटी प्रबंधन (टी.क्यू.एम.-एल.ए.सी.)

संस्थान ने अपना पहला टी.क्यू.एम.-एल.ए.सी. पर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाईन तथा सफलतापूर्वक आयोजित किया। 05 विभिन्न देशों से आए 08 अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया: मंगोलिया, तंजानिया, उजबेकिस्तान, यमन और जिंबावे। आई.एस.ओ.: 9000 प्रमाणन प्रक्रिया की अंतराष्ट्रीय स्तर पर पूरी जानकारी देने; प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी प्रबंधन मानकों की जानकारी तथा उपयोग विकसित करने; क्वालिटी प्रबंधन सिस्टमस् के नियमों, तरीकों तथा तकनीकों; अंतरराष्ट्रीय गाईडलाईन्स के अनुसार एक लेखापरीक्षा का नियोजन तथा आयोजन; निष्पक्ष साक्ष्य विभिन्न तरीकों से एकत्र करने तथा विभिन्न क्वालिटी मानक धारणाएँ जैसे कि स्टेस्टीकल तकनीकें, 5 एस, बिजिनेस प्रोसेस इंजीनियरिंग (बी.पी.आर.), सी.एम.एम., सिक्स सिगमा तथा अन्य टी.क्यू.एम. हस्तक्षेपों को सीखने के मूलभूत उद्देश्यों से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3.13.6 (ट) अंतरराष्ट्रीय विपणन एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा (आई.एम.जी.सी.)

05-सप्ताह वाले आई.एम.जी.सी. पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में 15 विभिन्न देशों से आए 24 अधिकारियों ने भाग लिया: अफगानिस्तान, भूटान, इथोपिया, फिजी, लिथुवानिया, मॉरीशस, मंगोलिया, सरबिया, सीयारा लिओन, सलोव्क, सुडान, सीरिया, तंजानिया, उजबेकिस्तान एवं जिंबावे। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिस्पर्धात्मकता पर भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुभवों का आदान-प्रदान करने; निर्यात विपणन तथा कलाओं का ज्ञान प्राप्त करने; अंतरराष्ट्रीय विपणन संवर्धन हेतु नीतियों एवं नियोजन को समझने तथा विश्वीय प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए कार्य योजना बनाने पर जानकारी देने के मुख्य उद्देश्यों से किया गया।

3.13.6 (ठ) क्लस्टर विकास- उद्यमिता के लिए/ सू.ल.म.उ. उभरती रणनीति (सी.डी.ई.एस.-एम.एस.एम.ई.)

संस्थान के 05 सप्ताह के सी.डी.ई.एस.-एम.एस.एम.ई. पर पहले अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में अरमिनिया, घाना, मॉरीशस, ओमान, सरबिया, तंजानिया, और जिंबावे से आये 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मूलभूत धारणाओं के साथ परिचय करने के अलावा प्रतिभागियों को क्लस्टर विकास; लघु व्यवसायों के विकास के लिए क्लस्टर रणनीतियों; क्लस्टर विकास की प्रक्रिया तथा उसमें शामिल विभिन्न पक्षों के बारे में भी परिचित कराया गया। व्यावहारिक पूर्वाभिमुखीकरण प्रदान करने के लिए प्रतिभागियों को विभिन्न औद्योगिक कलस्टरों का दौरा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में, प्रत्येक प्रतिभागी अपने-अपने देश में कलस्टर विकास के लिए एक कार्ययोजना बना सका।

3.13.7 उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.)

विभिन्न लक्षित समूहों विशेष रूप से विद्यार्थियों में उद्यम संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से संस्थान उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। ये कार्यकलाप प्रतिभागियों को उद्यमिता के विभिन्न मूलभूत बातों के बारे में भी बताती है।

अपने नए चलाए हुए ई.डी.पी. पर ई-लर्निंग मॉडयूल के 18 विभिन्न कार्यक्रमों, जैसा कि बाद में बताया गया है, में 457 विद्यार्थियों को पंजीकृत करने के अलावा संस्थान ने भारतीय स्टेट बैंक का पायलट उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें दिल्ली तथा नोएडा में रहने वाले 24 व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम, बैंक की देश भर में मांग पर आधारित उद्योग विशिष्ट ई. डी.पी. आयोजित करने का पहल के रूप में, आयोजित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम, बैंक की विकास गतिविधियों के हिस्से के रूप में, संबंधित क्षेत्रों में सूक्ष्म एवं लघु व्यवसायों के संवर्धन हेतु, आयोजित किये जाएगें। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरे कर लेने के बाद, प्रतिभागियों को अपना उद्यम स्थापित करने के उद्देश्य से भी मदद की गई।

इसके अलावा उद्यमिता तथा निर्यात पर 03 कैपसूल कार्यक्रम वर्ष के दौरान 71 विद्यार्थियों के लिए आयोजित किये गए। 2-2 दिन वाले 02 प्रशिक्षण कार्यक्रम, विद्या बिजिनेस स्कूल, मेरठ के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम साल के 50 विद्यार्थियों, उद्यमिता एंव बिहार से निर्यात के अवसरों पर एक 4-दिवसीय कैप्सूल कार्यक्रम, बिहार सेन्ट्रल विश्वविद्यालय, पटना के मास्टर ऑफ साइंस के 21 विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए गये।

3.13.8 उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रम (ई.एस.डी.पी.)

संस्थान, सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रम आयोजित करता है। 100 घंटे से 300 घंटे वाली यह प्रशिक्षण गतिविधियां उत्तरी क्षेत्र के छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जाती है।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने 49,469 लाभार्थियों के लिए 1,923 ई.एस. डी.पी., योजना के अंतर्गत आयोजित किये। इनमें से 11,841 प्रतिभागियों के लिए 538 ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम थे जोकि पिछले वित्तीय वर्ष में शुरू कर, 2012-13 में पूर्ण किये गये। 13 राज्यों: बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में फैले, यह कार्यक्रम मुख्यत: संस्थान द्वारा खुद किये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 60 से अधिक व्यवसाय शामिल किये गए जिनमें प्रमुख थे-ए.सी. रेफ्रीजिरेटर एण्ड वाटर कूलर रिपेयर (71); सी., सी++ एण्ड ओओपीस (83); कैड/कैम (58); कम्प्यूटर एकाउंटिंग विद टैली (137); कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग (158); डीजल फ्यूल इंजेक्शन टैकनिशियन (93); इलैक्ट्रीकल गैजट रिपेयर (100); फैशन डिजाईनिंग (71); फूड प्रोसेसिंग (86); हाउसकिपिंग एण्ड हॉस्पीटैलिटी (50); मोबाइल रिपेरिंग (99); पलम्बिग एण्ड सैनेटरी फिटिंगस् (68); रिपेयर एण्ड मेंटेनेस ऑफ पावर सप्लाई, इनवर्टर एण्ड यू.पी.एस. (163); रिटेल मनेजमेंट (89) तथा वैब डिजाईनिंग (156)। विभिन्न भौगौलिक क्षेत्रों

एक ई.एस.डी.पी. के प्रतिभागी

में प्रशिक्षित व्यक्तियों की प्रभावी आवागमन सुनिश्चित करने के लिए, प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने सभी जगहों पर एक मानकीकृत कोर्स पाठ्यक्रम का अनुसरण किया।

सरकारी नीतियों के अनुरूप, संस्थानों ने समाज के विभिन्न कमजोर वर्गों के व्यक्तियों के प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया। इस तरह 3,550 महिलाएं; 10,683 अ.ज.; 8,132 अ.ज.जाति; 680 अल्पसंख्यको तथा 3,053 अ.पि.व. को वर्ष के दौरान प्रशिक्षण दिया गया।

वर्ष के दौरान, अतिरिक्त उपायों के द्वारा इन कैंपस के बाहर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्राभविता को सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मानीटरिंग ढांचा और मजबूत किया गया। इसके अलावा एम.एस.एम.ई. काल सैंटर के कार्यकारियों ने भी इन कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को समय-समय पर फोन करके उनसे इन गतिविधियों की फीड बैक प्राप्त की।

प्रशिक्षण समाप्त हो जाने पर, इन कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को सूक्ष्म उद्यमों को उनके द्वारा स्थापित करने के उद्देश्य से या विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, जैसा कि बाद में बताया गया है, में वेतन-रोजगार ढूढ़ने के लिए, विधिवत् सहायता की गई।

ए.टी.आई. योजना के अंतर्गत ई.एस.डी.पी. के अलावा, संस्थान शुल्क आधारित बाजार उन्मुखी जिनमें उच्च रोजगार की संभावनाएं होती हैं, ऐसे कार्यक्रम भी आयोजित करता है। ऐसे कार्यक्रम सामान्यत: ऐसे स्कूल/कॉलेजो की शिक्षा समाप्त कर बाहर आने वालों के लिए आयोजित किये जाते हैं जोकि उपयुक्त रोजगार के मौको को खोज रहे होते हैं। संस्थान ने वर्ष के दौरान, इस तरह की 96 प्रशिक्षण गतिविधियां 1,924 प्रतिभागियों के लिए आयोजित की। अधिकतर कार्यक्रम संस्थान के सहयोगियों के समन्वय से विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये।

3.14 आरंभ से संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या और भिन्न-भिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कुल लाभार्थियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण *"परिशिष्ट क"* पर है।

संस्थान में विदेशी प्रतिनिधिमंडल

वर्ष के दौरान, संस्थान ने अपने परिसर में निम्नलिखित प्रतिनिधि मंडलों/दौरों, की मेजबानी की:-

- मालावी के एक उच्च स्तरीय 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मालावी में सू.ल.म.उ. के विकास तथा उद्यमिता के संर्वधन में सहयोग की संभावना का पता लगाने के लिए दौरा (अप्रैल 11, 2012)।
- भारत में अन्वेषणात्मक दौरे पर आए, कंधार प्रोविंशियल गवर्नेट, अफगानिस्तान, के एक 10 वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा संस्थान की सेवाओं को, कंधार का औद्योगिक सर्वे करने तथा प्रोविन्स में उद्यमिता विकास केन्द्र की स्थापना हेतु, उपयोग करने में गहरी रूचि दिखाना (अप्रैल 12, 2012)।
- डी.टी.आई. (ई.ई.डी.डी.) दक्षिण अफ्रीका सरकार के द एम्पावरमैंट एंड एंटरप्राइज डेवलपमेंट डिविजन की एक तीन-सदस्यीय अध्ययन टीम एक विस्तृत रेंज के विषयों/मुद्दों को कवर करते हुए, बातचीत करती है अनौपचारिक क्षेत्र के लिए नीति ढांचा; नियामक पर्यावरण; विपणन, प्रोत्साहन तथा प्रशिक्षण आदि सहित सहायता कार्यक्रम; क्षेत्रीय एजेसियों एवं प्राईवेट क्षेत्र को केन्द्र की सहायता आदि; प्रौद्योगिकी, आर्थिक इंटेलीजेंस तथा प्रोत्साहन आदि; चैम्बर्स सहायता; सहायता तंत्र तथा विशिष्ठ वित्तीय संस्थानों की सहायता (मई 22, 2012)।
- विश्व बैंक की सामाजिक विकास इकाई की एक दो-सदस्यीय टीम, संस्थान की सहायता मांगती है, महिला उद्यमिता से संबंधित उन संभावित क्षेत्रों/ परियोजनाओं की पहचान करने में जिनका भारत सरकार के तत्वाधान में उनके द्वारा वित्त पोषण किया जा सके। (जुलाई 20, 2012)।
- एल.एस.ई.स तथा सू.ल.म.उ., केन्या की एक्सपोर्ट प्रोमोशन कांउसिल (ई.पी.सी.) तथा केन्यीन इंस्टीटूयूट ऑफ बिजिनेस ट्रैनिंग (के.आई.बी.टी.) के अधिकाारियों का एक नौ-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, के.आई.बी.टी. के सकांय एंव वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम आयोजित करने; विभिन्न श्रेणियों के पाठ्यक्रम के विकास तथा दोनो के बीच संकाय एक्सचेंज कार्यक्रम के बारे में, चर्चा करता है (सितम्बर 13, 2012)।
- दक्षिण अफ्रीका की एक उच्चस्तरीय टीम, ट्रेड तथा उद्योग उपमंत्री (डी.टी.आई.) के नेतृत्व में, दक्षिण अफ्रीका में कला विकास के संवर्धन हेतु, संस्थान की सलाह लेती है (नवम्बर 15, 2012)।
- केन्या उच्चायोग, नई दिल्ली के प्रथम सेक्रटरी (पोलिटिकल) के साथ आए केन्या एक्सपोर्ट प्रोमोशन कांउसिल के एक दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को ट्रैड/उद्योग आधारित एक्सपोर्ट प्रोमोशन कांउसिलस् के स्थापना सहित केन्या से निर्यात बढ़ाने के लिए काउंसिल द्वारा उठाये जा सकने वाले कदमों के बारे में, सलाह दी जाती है (फरवरी 25, 2013)।

Study Material Series on Entrepreneurship Development
Be an Entrepreneur
Entrepreneurship Development
Study Material Series on Desktop Publishing
Desktop Publishing
Food

बहुआयामी गतिविधियाँ

4.0 कलस्टर मध्यस्थता

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के विकास के लिए कलस्टर का रास्ता, पूरे संसार में, बहुत किफायती पाया गया है। संस्थान, विभिन्न रूपों में, कलस्टरों में विकास कार्यक्रमों (साफ्ट तथा हार्ड इंटरवेन्शन) को करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। संस्थान ने अभी तक 24 औद्योगिक कलस्टरों में काम किया है।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने कार्यान्वयन एंजेसी के रूप में, सीजरस् कलस्टर, मेरठ, में सामान्य सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) की स्थापना हेतु, फिर से निविदाएँ आमंत्रित की। प्रक्रिया के पूरे हो जाने पर, केन्द्र के लिए प्लांट एवं मशीनरी सप्लाई/लगाने का कार्य, टर्नकी आधार पर मैसर्स ओरियन्टल कलेक्शन, कानपुर को प्रदान किया गया। संस्थान ने केन्द्र की स्थापना में सरकारी हिस्से को रिलीज करवाने के लिए विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) के कार्यालय को भी आग्रह किया।

विभिन्न कलस्टरों के लिए अपनी विपणन पहलों के रूप में संस्थान ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2012 में भाग लिया। मेले के दौरान चार कलस्टरों: सीजरस् कलस्टर, मेरठ; ब्रासवेयर कलस्टर, मुरादाबाद; बोनक्राफ्ट कलस्टर, लोनी तथा टेक्सटाईल प्रिंटिगं कलस्टर, पिलखुआ, के उत्पाद प्रदर्शित किये गये। इससे कलस्टरों के उद्यमियों को भावी क्रताओं से सीधे मिलने तथा बाजार संपर्कों को विकसित करने का अवसर मिला। इससे कारीगरों को विपणन के रूझानों/ग्राहकों विशेषकर अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों की उम्मीदों से अपने आपको अवगत कराने का भी मौका मिला। तत्कालीन व्यवहारों के अनुसार उत्पाद विवधीकरण की और भी, इसने कलस्टरों उद्यमियों को अभिमुख कराया।

प्राईस वाटर कूपर द्वारा एम.एस.ई. सी.डी.पी. की प्रभाविता निर्धारण अध्ययन के एक हिस्से के रूप में, संस्थान ने प्लास्टिक पैकेजिंग सामान कलस्टर, गाजियाबाद में एक इंटरऐक्टीव सैशन आयोजित किया। कलस्टर वैबसाईट *craftvilla.co.in* के लाभों को अधिकतम तथा उच्चतम सीमा तक पहुंचने के उद्देश्यों से उसके प्रचालन तथा रख-रखाव को एन्सर वेलफेयर सोसायटी को सौंप दिया गया। वैबसाईट को पहले विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) कार्यालय के तत्वाधान में, संस्थान द्वारा विकसित किया गया था।

कुछ मामूली सी टिप्पणियों के साथ एम.एस.ई.-सी.डी.पी. की संचालन समिति ने संस्थान द्वारा तैयार टेक्सटाईल प्रिंटिंग कलस्टर, पिलखुआ तथा इनगोट मेंकिग ब्रास कलस्टर की विस्तृत परियोजनाओं रिपोर्टस् पर विचार कर अनुमोदन किया। ब्रास कलस्टर, मुरादाबाद में टूल रूप सुविधाएँ स्थापित करने वाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के बारे में समिति ने महसूस किया कि प्रोजेक्ट को रेपिड प्रोटोटाईप मशीनों तथा डिजाईन सुविधा शामिल करके, बदलने की जरूरत है।

4.1 अनुसंधान

वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एन.एम.डी.एफ.सी.), अल्पसंख्यक मामले का मंत्रालय की अवधि ऋण और लघु वित्त योजनाओं के प्रभाव मूल्याकंन अध्ययन तथा कृपाल शिक्षण संस्थान, हरिद्वार, उत्तराखंड के डेयरी परियोजना का तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की प्रशिक्षण तथा रोजगार कार्यक्रम को सहायता (एस.टी.ई.पी.) के तहत मूल्याकंन के बारे में रिपोर्ट्स को अंतिम रूप दिया तथा प्रस्तुत किया गया।

विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यालय ने प्रतिस्पर्धात्मक प्रणाली के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के मूल्याकंन करने का कार्य, उनकी प्रभाविता को परखने के लिए, ताकि वह 12वीं पंच-वर्षीय योजना में चालू रखी जा सके, संस्थान को सौंपा। संस्थान ने वर्ष के दौरान, इन योजनाओं के

श्री के.एच. मुनियप्पा, माननीय राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार), सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (सबसे दाएं) आई.आई.टी.एफ., 2012 के दौरान निसबड के स्टाल पर पहुँचते हुए

मूल्याकंन को अंतिम रूप देकर मसौदा रिपोर्टस् प्रस्तुत की। सू.ल.म.उ. क्षेत्र को डिजाइन विशेषज्ञता के लिए डिजाइन क्लीनिक; राष्ट्रीय पुरस्कार; सू.ल.म.उ. के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारो (आई.पी.आर.स) के प्रति जागरूकता निर्माण; सू.ल.म.उ.-प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र (टी.डी.सी.): केन्द्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान (सी.एफ.टी.आई.) आगरा तथा चेन्नई; सू.ल.म.उ.-प्रो.वि.के.: प्रक्रिया-सह-उत्पाद विकास केन्द्र (पी.पी.डी.सी.) मेरठ तथा ट्रीड (टी.आर.ई.ए.डी.),

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष के दौरान स्टैप (एस.टी.ई.पी.) के अंतर्गत दो अन्य परियोजनाओ के मूल्यांकन करने का कार्य संस्थान को सौंपा। संस्थान ने इन परियोजनाओं का मूल्याकंन पूरा करने के बाद, मसौदा रिपोर्टस् प्रस्तुत की: जन कल्याण संस्थान, नागांव, असम की डेयरी परियोजना तथा वीनस विकास संस्थान, लखनऊ, उ.प्र. की हैन्डीक्राफ्ट परियोजना। इसी तरह, संस्थान ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभर्थियों, (2010-11) के सत्यापन का कार्य पूर्ण किया तथा सत्यापन के बारे में रिपोर्ट, निगम को वर्ष के दौरान, सौंपी।

वर्ष के दौरान, संस्थान को सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपनी सी.पी.एस.ई. से अलग हुए कर्मचारियों की कांउसलिंग, पुन: प्रशिक्षण तथा पुन: नियोजन (सी.आर.आर.) योजना के अंतर्गत नोडल एजेंसियों के कार्यनिष्पादन का मूल्याकंन करने हेतु, एक तृतीय पक्ष आकंलन एजेंसी (टी.पी.एस.) के रूप में नियुक्त किया।

राष्ट्रीय भवन संगठन, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय ने 12वीं पंचवर्षीय योजना में जारी रखने के उद्देश्य से अपनी चल रही मानव संसाधन और आकंलन के लिए, शहरी सांख्यिकी (यू.एस.एच.ए.) योजना के मूल्याकंन का कार्य भी संस्थान को प्रदान किया। विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यालय द्वारा संचालित आई.एस.ओ.-9000/आई.एस.ओ.-14001/एच.ए.सी.सी.पी. प्रमाणन प्रतिपूर्ति योजना का मूल्यांकन भी संस्थान को करना है।

संस्थान ने दिल्ली मुम्बई इन्डस्ट्रियल कोरीडोर (डी.एम.आई.सी.) डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड से बातचीत शुरू की क्योंकि संस्थान डी.एम.आई.सी. क्षेत्र में कला विकास संस्थाओं (एस.डी.आई.) के स्थापना हेतु टेक्नीकल सर्विस प्रोवाईडर के रूप में रखे-जाने की प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया में सबसे कम बोलीकर्ता था।

4.2 भागीदार संस्थाओं के माध्यम से उद्यमिता विकास केन्द्रों की योजना

संस्थान अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों की पहुँच को बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसी ग्रास रूट स्तर की संस्थाओं को जोकि उद्यमीय शिक्षा/विकास से संबधित गतिविधियों को मिलाकर शैक्षिक गतिविधियों, में कार्यरत हों, जिनके पास पर्याप्त संरचना उपलब्ध हो, समक्ष/अनुभवी संकाय तथा विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन के लिए वित्तीय क्षमता हो, को भागीदार संस्थाओं के रूप में अपनी भागीदार संस्थाओं के माध्यम से उद्यमिता विकास केन्द्रों की योजना के अंतर्गत, सूचीबद्ध करता है।

वर्ष के दौरान संस्थान की कार्यकारिणी समिति ने यह सलाह दी कि भागीदार संस्थाओं को सूचीबद्ध करते हुए संस्थान को सावधानी बरतनी चाहिए ताकि उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके और संस्थान को इस बाबत, पूर्ण जांच पड़ताल भी करनी चाहिए ताकि केवल विश्वसनीय संस्थाएं ही भागीदार संस्थाओं के रूप में शामिल हो सकें। संस्थान को यह भी सलाह दी गई कि वह आई.आई.टी. तथा ऐसी ही प्रसिद्ध संस्थाओं/संगठनों को अपना भागीदार संस्था के रूप में लेने की संभावनाओं का पता लगाए।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने निम्नलिखित दो संगठनों को योजना के तहत् अपने भागीदार संस्थाओं के रूप में सूचीबद्ध किया:-

- शारदा ऐजुकेशनल ट्रस्ट, (शारदा विश्वविद्यालय), आगरा, उत्तर प्रदेश
- दाश इन्फोटेक, भरतपुर, राजस्थान

इसके अलावा, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम.) रांची को संस्थान के माने हुए भागीदार संस्था के रूप में लिया

गया। वर्ष के दौरान, रतनसिंह चेरीटेबल एण्ड एजूकेशनल सोसाइटी को, अपनी प्रार्थना के अनुसार, योजना से अपना नाम वापिस लेने की मंजूरी दी गई। इस तरह मार्च 31, 2013 को योजना के अंतर्गत भागीदार संस्थाओं की कुल संख्या 41 है।

संस्थान ने वर्ष के दौरान, एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत, भागीदार संस्थाओं के माध्यम से 4,750 लाभार्थियों के लिए 184 उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया।

4.3 क्षमता निर्माण

अन्य संस्थानों, दोनों सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों की क्षमताओं को सुदृढ़ करने ताकि वह विभिन्न उद्यमीय कार्यकलापों को प्रभावी ढंग से कर सके जिससे उद्यमीय संस्कृति का फैलाव समाज के विभिन्न वर्गों में हो सके और अपने स्वयं की गतिविधियों की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से, संस्थान ने निम्नलिखित संगठनों के साथ उनके संबंधित उद्यमिता शिक्षा कार्यक्रमों में सहायता हेतु, वर्ष के दौरान, सहयोग किया:-

- इंटरनेशनल फाईनेंस कोरपोरेशन (आई.एफ.सी.) विश्व बैंक समूह का एक सदस्य, से अपने पूर्व में हुए समझौता ज्ञापन के अगले कदम के रूप में सहयोग अनुबंध जिसमें एम.एस.

एम.ई. प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण कलाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिससे वह प्रशिक्षण देने के लिए एक बेहतर स्थिति में हो और इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था के इस महत्त्वपूर्ण घटक को स्थायीत्व प्रदान कर सकने के लिए, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.) कार्यक्रम आयोजित करनी की रीतियों का वर्णन किया गया।

- इन्नोवेटिव ट्रेनिंग एवं मनेजमैंट सर्विसिस (आई.टी.एम.एस.), नई दिल्ली, एक प्रबंधन कंसलटेंसी प्रशिक्षण, शिक्षण तथा अनुसंधान, संगठन के साथ, विभिन्न उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोगी प्रशिक्षण गतिविधियों को करने के लिए समझौता।
- बिजिनेस मेम्बरशिप संगठनों (बी.एम.ओ.) विशेषकर देश में एम.एस.एम.ई. उद्योग संघों की क्षमता निर्माण के लिए जोकि भारत में एम.एस.एम.ई. के संवर्धन हेतु अम्ब्रेला कार्यक्रम (एम.एस.एम.ई. यू.पी.) का एक फोकस क्षेत्र है और जिसका कार्यन्वयन एसईक्यूयूएजीजीएमबीएच, विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यलय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एम.एस.एम.ई.) तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (एस.आई.डी.बी.आई) के सहयोग के साथ कर रहा है, दूयूत्से गेसलचाफ्ट फॉर इंटरनेशनले जुसागेनार बेहट जी.एम.बी. एच. (जी.आई.जैड.) के साथ हाथ मिलाना।
- सन ऑनलाईन लर्निंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कैरियर स्ट्रोक्स), श्रीक्रिस श्रीकांथ, भूतपूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान तथा 1983 में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का एक सदस्य का उपक्रम/ब्रेनचाईल्ड के साथ, इसके कैरियर नियोजन, कैरियर बढ़ाव तथा सफलता वाली ई-लर्निंग पहल का, संस्थान के प्रशिक्षण गतिविधियों के लाभार्थियों तथा भागीदारी संस्थाओं के संकाय/कर्मचारियों में, लोकप्रिय बनाने के लिए समझौता ज्ञापन।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) के साथ बोर्ड को निम्नलिखित गतिविधियाँ करने के सहायता देने के उद्देश्य से, समझौता ज्ञापन जिससे स्कूली छात्रों में उद्यमिता का संवर्धन हो सके तथा सी.बी.एस.ई. के अंतर्गत विद्यालयों में इस विषय का शिक्षण प्रभावकारी हो सके:-
  - उद्यमिता मॉडयूल के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देना और पुनरीक्षण करना;
  - विद्यालयों के लिए तैयारशुदा कार्यक्रम विकसित करना;
  - सी.बी.एस.ई. के अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों के लिए देश-विशेष व्यवसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम डिजाईन करना;
  - सामाग्रियों इत्यादि के विकास के माध्यम से संकाय विकास करना तथा

- रिफ्रेशर कार्यक्रमों का आयोजन करना एवं चिन्हित विद्यालयों को उद्यमिता विकास कार्यक्रमों/आंदोलनो/कार्यशालाओं को आयोजित करने में आराम तथा सहयोग देना।

- नीडबेस्ड टेक्नोलोजी इंस्टीटियूट फॉर हुयूमन रिसोर्स प्राईवेट लिमिटेड के साथ उसकी सहयोगी *todayjob.org* के द्वारा संस्थान या उसके सहयोगियों द्वारा बिहार राज्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को या तो सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने या लाभकारी वेतन रोजगार प्राप्त करने में हैंड-होल्डिंग सहायता देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन।

- एशिया पेसिफिक इंस्टीटियूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली के साथ सहयोगी गतिविधियों को, उद्यमिता विकास की गति को तेज करने तथा संबधित सफलता रेट्स में सुधार करने के बृहत उद्देश्य से, करने के लिए समझ।

4.4 उद्यम निर्माण के लिए सहायता

संस्थान द्वारा आयोजित उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रमों का प्राथमिक उद्देश्य प्रशिक्षित प्रतिभागियों में उद्यमीय संस्कृति का विकास करना है जिससे अधिक से अधिक प्रतिभागी स्व-रोजगार की तरफ जाए। संस्थान इन प्रशिक्षित व्यक्तियों को उनके अपने-अपने प्रयत्नों में इस प्रोयजानार्थ, विभिन्न सेवाओं से समर्थन भी प्रदान करता है। संस्थान द्वारा प्रदत हैंड-होल्डिंग सेवाओं में परियोजना बनाने से लेकर ऋण प्राप्त करना तथा बाद में स्थानीय निकायों की मदद से, अगर जरूरत है तो, उनके यूनिटों को चालू करवाना, शामिल है।

एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना (आर.जी.यू.एम.वाई.) के अंतर्गत एक राजीव मित्र होने के नाते, संस्थान अपने प्रशिक्षण गतिविधियों के सभी इच्छुक व्यक्तियों को हैंड-होल्डिंग सेवाओं उपलब्ध कराने के लिए, योजना के अंतर्गत पंजीकृत करता है।

योजना के तहत्, संस्थान की वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ निम्न है:-

क्रम संख्या	स्टेज	विवरण	लाभार्थियों की संख्या
1.	I	उद्यम चयन से लेकर ई.एम.-1 फाईल करने तक	509
2.	II	सांविधिक अनुवृत्तियों से लेकर मशीनरी/उद्यम का तसल्ली बख्श संचालन तक	2,456

इस प्रकार, संस्थान ने वर्ष के दौरान, ए.टी.आई. योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों में से 2.44% को अपनी उद्यम स्थापित करने में मदद की। यह संख्या आर.जी.यू.एम.वाई. के अधीन पंजीकृत व्यक्तियों के संदर्भ में चल रही प्रक्रिया समाप्त होने पर, बढ़ने की संभावना है। मदद प्राप्त व्यक्तियों द्वारा स्थापित उद्यम अपैरल, आई. टी. तथा लाईट इंजीनियरिंग क्षेत्रों में है।

श्री क्रिस श्रीकांथ, राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष तथा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, पटना में आयोजित नौकरी मेले का उद्घाटन करते हुए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य (बाऐं से दाऐं) है: श्रीमती रेणू कुमारी कुशवाहा, बिहार सरकार के माननीय उद्योग एवं आपदा प्रबंधन मंत्री; श्रीमती उषा सिंह, जे.डी. महिला कॉलेज, पटना की प्राधनाचार्य तथा श्री अरुण कुमार झा, निसबड के महानिदेशक

4.5 रोजगार सहायता

ऐसा नहीं है कि संस्थान के उद्यमिता-सह-कला विकास कार्यक्रमों द्वारा प्रशिक्षित सभी प्रतिभागी आवश्यक रूप से स्व-रोजगार के लिए जाते हैं। विभिन्न कारणों के चलते, जिनमें प्रतिभागियों की सामाजिक एवं आर्थिक परिवेक्ष सबसे महत्त्वपूर्ण है, कई प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण के बाद वेतन-रोजगार को अपनाते हैं। इन कार्यक्रम में भाग लेने से, कहने की आवश्यकता नहीं है कि, उनकी नियोजिता में काफी सुधार आता है।

संस्थान अपने द्वारा प्रशिक्षित व्यक्तियों को प्रशिक्षण के बाद लाभकारी वेतन-रोजगार पाने में पद्धतिबद्ध प्रयत्नो द्वारा सहायता करता है। इसे उद्देश्य से किए गए विभिन्न कदमों में अन्य के अलावा शामिल है, उद्योग संघों/संगठनों से कार्यक्रमों का पाठ्यक्रम बनाने में तथा उनके सदस्यों द्वारा प्रशिक्षित व्यक्तियों को नियोजित करने के लिए विचार-विर्मश: प्लेसमेंट ऐजसिंयो को प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन में शामिल करना, संस्थान की वैबसाइट पर तथा संभावित नियोक्ताओं द्वारा पहुँचने वाले सभी जगहों पर प्रशिक्षित व्यक्तियों के विवरण, प्रदर्शित करना।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने प्रशिक्षित व्यक्तियों के बृहद हित में नौकरी/प्लेसमेंट मेलों को आयोजित करने की भी शुरूवात की, जिससे प्रशिक्षित व्यक्तियों/संस्थान को संभावित नियोजकों, प्लेसमेंट एजेंसियों तथा दूसरे घटकों से मिलने-जुलने का एक अनूठा अवसर

प्राप्त हुआ। संस्थान को भी ऐसे कार्यक्रमों से लाभ लेता है क्योंकि इससे संस्थान को प्रशिक्षित व्यक्तियों से कंपनियों की उम्मीदों के बारे में पता चलता है जिससे संस्थान की भविष्य की गतिविधियों में तदनुसार परिवर्तन किया जा सके।

इस तरह का पहला मेला, संस्थान के परिसर में मिटकोन (एम.आई.टी.सी.ओ.एन.) के सहयोग से अप्रैल 02, 2012 को आयोजित किया गया। मैसर्स वालमार्ट, मैसर्स के.एस. इंटरप्राईजेस, मैसर्स यूनीटोन मीडिया प्रा. लि., मैसर्स इंटेक इनफोनेट, मैसर्स नौकरी.कॉम तथा मैसर्स राजाक इंटरप्राईजेस सहित 31 कंपनियों ने इसमें भाग लिया जिसमें लगभग 100 व्यक्तियों को इन कंपनियों द्वारा रोजगार मिला।

दूसरा नौकरी मेला संस्थान ने अपने बिहार के भागीदार संस्थाओं तथा स्थानीय सहयोगकर्ताओं के सक्रिय सहभागिता से दिसम्बर 15, 2012 को पटना में आयोजित किया। मेले के दौरान, पटना, सीवान, मुजफ्फरपुर, वेस्ट चंपारण तथा भागलपुर में पिछले 2 सालों में प्रशिक्षित 1,700 विद्यार्थियों को परखा गया। अवीवा; आई.सी.आई.सी.आई. पुडेन्शल; टी.सी.एस., बिग बाजार, लिविंग स्पेस्स, टी.वी.एस. तथा वर्लपूल सहित कुल 23 कंपनियों ने 632 प्रशिक्षित व्यक्तियों को रोजगार के मौके उपलब्ध कराए। मेले ने, जिसका उद्घाटन जादूगर क्रिकेटर श्रीक्रिस श्रीकांथ द्वारा किया गया था, ने गर्म तथा सकारात्मक प्रत्युत्तर उत्पन्न किया।

इसके अलावा संस्थान ने इंवरटीस् सेवा संस्थान द्वारा अक्तूबर 16, 2012 को नोएडा में आयोजित चयनकर्ताओं की बैठक को प्रायोजित किया। कुल 500 प्रतिभागियों को जिन्होंने पूर्व में संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया था, 15 कंपनियों द्वारा जिन्होंने बैठक में भाग लिया, द्वारा जांचा गया।

संस्थान ए.टी.आई. योजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान अपने प्रशिक्षित प्रतिभागियों में से 27% को, लाभकारी रोजगार दिलाने में सक्षम हुआ। यह प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है जैसे ही वर्ष के दौरान प्रशिक्षित सभी व्यक्तियों के लिए चल रही रोजगार दिलाने की प्रक्रिया संपूर्ण हो जाती है।

4.6 अकादमी सहायता

"भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा टेक्नोलोजी अपनाने में रूकावटों को समझना तथा दूर कराना: डिजिटल डिवाइड को दूर करने के लिए रोडमैप बनाना" विषय पर अध्ययन को करने के लिए इंन्टूयूट इंक की सहायता। स्टडी की प्राप्तियों को वर्ष के दौरान जारी किया गया।

कॉमनवेल्थ यूथ कार्यक्रम (एशिया सेंटर) द्वारा युवा मामलों के विभाग, भारत सरकार के सहयोग से उद्यमिता पर संशोधित मैनुअल के बिहेवियर मॉडयूल की पायलट टेसटिंग में मदद।

प्रारंभिक मैनुअल जोकि संस्थान के सहयोग से 1990 के दशक में विकसित किया गया था, को फरवरी, 2012 में एक विशेषज्ञ समूह के द्वारा जिसमें संस्थान का प्रतिनिधि भी था, पूर्व में संशोधित किया गया।

4.7 नीति सहायता

• पी.एम.ई.जी.पी. के तहत् सहयोग

एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार जेनेरेशन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.) के कार्यन्वयन में, संगठनों जैसे एन.एस.आई.सी., निसबड इत्यादि के बीच, सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से गठित कमेटी की अध्यक्षता संस्थान के महानिदेशक ने की। कमेटी के अन्य सदस्य विकास आयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यालय, के.वी.आई.सी. तथा एन.एस.आई.सी. के प्रतिनिधि थे।

कमेटी ने बैठकों की एक श्रृंखला के माध्यम से एन.एस.आई.सी. के मसौदे के आधार पर, विस्तृत कार्य-रीतियां तैयार की तथा अपनी सिफारिशों को, अपने क्षेत्रीय संस्थानों को इस उद्देश्य हेतु उपयुक्त निर्देश जारी करने के लिए, के.वी.आई.सी. को सौंप दिया।

• मानकीकरण पर कोर समूह की सहायता

संस्थान द्वारा, एम.एस.एम.ई. मंत्रालय के विभिन्न संगठनों द्वारा चलाए जा रहे कॉमन पाठ्यक्रमों के मानकीकरण पर कोर समूह को सक्रिय सहायता देना जारी रखा। संस्थान के महानिदेशक की अध्यक्षता में कोर समूह वर्ष के दौरान, तीन विभिन्न मौको पर मिला।

• ए.टी.आई. योजना की गाईडलाइंस में संशोधन

संस्थान ने एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वारा अपनी प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) का पूर्व में हुए एक स्वतंत्र पुनर्निरीक्षण की प्राप्तियों के परिपेक्ष में, योजना के कार्यत्मक गाईडलाइंस के संशोधन में, मंत्रालय की सहायता की।

एक उज्जवल भविष्य की ओर

5.0 प्रशिक्षण

• ई.डी.पी. के ई-लर्निंग मॉडयूल की पुर:स्थापना

समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों के बीच उद्यमिता संस्कृति को लोकप्रिय बनाने संबंधी पहल कार्यों को जारी रखते हुए, संस्थान ने वर्ष के दौरान एक उद्यमिता विकास कार्यक्रम पर ई-लर्निंग मॉडयूल (हिन्दी तथा अंग्रेजी) विकसित करके शुरू किया। इस मॉडयूल की पाठ्यक्रम सामग्री एक सी.डी. में तैयार की गई है जिसकी कीमत बहुत ही वाज़िब है। यह मॉडयूल विशेषत: उन व्यक्तियों के लिए उपयोगी है जो औपचारिक कक्षा में पूरे समय के लिए आने में असमर्थ है।

इस मॉडयूल में एक दिवसीय परिचयात्मक क्लासरूम प्रशिक्षण शामिल है जिसके बाद 7 दिन की ऑन-लाइन प्रशिक्षण है। ऑन-लाइन परीक्षा/मूल्याकंन के बाद, प्रतिभागियों को ऑन-लाइन प्रमाण-पत्र दिए जाते हैं। यह मॉडयूल उच्चतर शिक्षण के प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों में बहुत लोकप्रिय है।

यह मॉडयूल वर्ष के दौरान गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शुरू किया गया। इस अवधि के दौरान 18 कार्यक्रमों के माध्यम से 457 व्यक्तियों को मॉडयूल के अंतर्गत नामांकित करके प्रमाणित किया गया।

• परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रमाणन मॉडयूल का प्रारंभ

उभरती जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नए-नए स्वरूपों (फार्मेट्स) को तैयार करके उन्हें शुरू करने की अपनी परंपरा के अनुरूप, संस्थान ने वर्ष के दौरान, भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल 5-दिवसीय पूर्णकालिक परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रमाणन मॉडयूल तैयार करके शुरू किया।

यह मॉड्यूल उद्योग विशेषज्ञों तथा परियोजना प्रबंधन सुविज्ञों के घनिष्ठ सहयोग से तैयार किया गया है ताकि निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की मौजूदा कंपनियों, सरकार, गैर-सरकारी संगठनों, उद्यमीय और लघु उद्योग समुदाय तथा साथ ही विद्याथी समुदाय की जरूरतों की पूर्ति हो सके।

इस मॉडयूल का मूलभूत उद्देश्य उस अंतर को पाटना है जिसका समाधान प्रमुख वैश्विक प्रमाणिक निकायों ने नहीं किया और परियोजना प्रबंधन प्रमाणन, इस प्रयोजनार्थ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा ली जाने वाली शुल्क से कम अर्थात बीस प्रतिशत लागत पर उपलब्ध कराना है। इसका उद्देश्य यह भी है कि जो विद्यार्थी समुदाय और गैर-सरकारी संगठन ऐसे प्रमाणन से, सभी व्यवहार्य प्रयोजनों के लिए, वंचित रह गए हैं उन्हें यह सुविधा मुहैया कराना है। यह मॉडयूल में 35 घंटे का संकाय से विचार-विमर्श है और इन 35 घंटों को 5 दिनों में बांटा गया है तथा पांचवे दिन के अंत में एक परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने 71 प्रतिभागियों की सहभागिता से इस मॉडयूल के 04 बैचों को सफलतापूर्वक पूरा किया। हालांकि पहले तथा दूसरे बैच के 28 प्रतिभागी, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों, सरकारी संगठनों, रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र, विद्यार्थी आदि थे, तीसरा व चौथे बैचो में 43 प्रतिभागी विकासआयुक्त (एम.एस.एम.ई.) का कार्यालय के विभिन्न फील्ड कार्यालयों से आए, विभिन्न सरकारी/गैर-सरकारी संगठनों, कारपोरेट क्षेत्रों, से आए कार्यपालक से लेकर विद्यार्थी थे, जोकि आयोजन तथा विभिन्न योजनाओं/स्कीमों/सामाजिक उपायों आदि के सरकारी निष्पादन में संलग्न थे।

• माइक्रोसॉफ्ट के साथ डिजिटल लिटरेसी कार्यक्रम की शुरूआत

संस्थान ने, माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल लिटरेसी कार्यक्रम (डी.एल.सी.) शुरू किया है। इस कार्यक्रम में पांच मॉडयूल हैं जिन्हें इस मूल उद्देश्य से लाया गया है कि लोग रोजमर्रा की जिंदगी में कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर सके और अपने लिए, अपने परिवारों के लिए और समाज के लिए, नए सामाजिक तथा आर्थिक रास्ते विकसित कर सके।

श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक (बाएं से दुसरे) तथा श्री सुनील भारद्वाज, संयुक्त निदेशक (इन्क्यूबेशन) (दाएं से दुसरे) अन्यों के अलावा, ई-लर्निंग मॉडयूल के लांच समारोह मे

• स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना के तहत कला प्रशिक्षण

संस्थान को सामाजिक सुविधा संगम: मिशन कन्वर्जेन्स, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है ताकि संस्थान कला

''वेव्ज ऑफ चेंज'' के लांच समारोह पर उपस्थित प्रतिष्ठित व्यक्ति

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर, प्रशिक्षित व्यक्तियों को आश्वस्त रोजगार के अवसर प्रदान कर सके।

तदनुसार, संस्थान ने वर्ष के दौरान स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एस.जे.एस.आर.वाई.) के तहत 17 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शुरू किया। जिनमें कुल 425 युवा दिल्ली निवासी प्रतिभागी हैं जोकि बी.पी.एल./ए.ए.वाई. श्रेणी/दलित एवं अति दलित के रूप में सर्वेक्षित हैं।

तीन-तीन महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम वैब डिजाइनिंग, जीवन-शैली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, विद्युत उपकरणों की मरम्मत, खुदरा प्रबंधन, मीडिया एवं मनोरंजन और खाद्य प्रसंकरण संबंधी व्यवसायों में हैं। प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद, यह आशा की जाती है कि कम से कम 70% प्रतिभागियों को इस योजना के मानदंडों के अनुसार, लाभप्रद रोजगार मिलेगा।

5.1 अकादमिक

- **अकादमिक परिषद् का गठन**

संस्थान की कार्यकारिणी समिति की सलाह के अनुसार और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि संस्थान के प्रशिक्षण एवं अन्य अकादमी गतिविधियों की लगातार समीक्षा की जाए ताकि बदलते/उभरते परिदृश्य में उनकी प्रभावशीलता/प्रासंगिता बनी रहे, संस्थान ने एक अकादमिक परिषद् का गठन किया जिसमें सेवारत/सेवा निवृत अकादमी विद, उद्यमिता और विकास के क्षेत्रों के विशेषज्ञ, नीति बनाने वाले आदि शामिल हैं। संस्थान की कोर फैकल्टी के अलावा, 08 बाह्य विशेषज्ञ वाली परिषद् ने संस्थान को "ट्रेंड स्पाटिंग" तथा "ट्रेंड एवं एनालिसस्" में भी मदद करनी है।

वर्ष के दौरान परिषद् की दो बैठके हुई।

- **"वेव्ज आफ चेंज" का लांच**

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), जी.आई.जैड. और संस्थान की संयुक्त पहल, 'वेव्ज ऑफ चेंज' 28 नवंबर, 2012 को नई दिल्ली में लांच किया गया। द वेव्ज ऑफ चेंज *(पुस्तकों के इतर शिक्षा)* में पांच विषयवस्तुगत क्षेत्र हैं और उनका उद्देश्य मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के कहने पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल में किए गए शैक्षिक पहलों के पूरे कार्यों के साथ-साथ शैक्षिक एवं संस्थानिक सुधारों की गुणवत्ता एवं किस्म के बारे में देश को अवगत कराना है।

यह संस्थान वेव्ज ऑफ चेंज के विषयवस्तुगत क्षेत्र 5 'विचारों एवं अभिनव पहलों' के तहत विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। संस्थान ने कार्यक्रम शुरू करने से पहले आयोजित विभिन्न गहन विचार-विमर्श सत्रों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी की, जिनमें से एक सत्र का आयोजन संस्थान के कैंपस में भी किया गया था और इसमें अन्य के अलावा सी.बी.एस.ई., जी.आई.जैड. के प्रतिनिधियो, दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सी.बी.एस.ई. स्कूलों के प्रधानाचार्यों/अध्यापको ने भाग लिया।

- **बी.बी.ओ.एस.ई. के साथ विचार-विमर्श**

संस्थान ने बिहार ओपन स्कूलिंग और परीक्षा बोर्ड (बी.बी.ओ.एस.ई.) के साथ पूरे राज्य भर में व्यावसायिक एवं कला उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए विचार-विमर्श किया। बोर्ड द्वारा संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। संस्थान ने राज्य में कला एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बोर्ड की मदद करने की पेशकश की।

5.2 अन्य

5.2.1 विभिन्न मंचों पर संकाय (फैकल्टी)

- **शहरी गरीबी पर यू.एन.डी.पी. परामर्श**

संस्थान के दो संकाय सदस्यों, यथा, डॉ. ऋषि राज सिंह और

श्री ए. मिश्रा ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) द्वारा नई दिल्ली में 19 जुलाई, 2012 को आयोजित परामर्श कार्यक्रम में जोकि उसकी आगामी पांच वर्षों (2013-2017) के लिए देश कार्य योजना कार्यक्रम (कंट्री प्रोग्राम एक्शन प्लान) को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित किया था, में भाग लिया।

- **एशिया उद्यमिता सम्मेलन**

संस्थान की श्रीमती रीता सेनगुप्ता "सामाजिक अभिनव कार्य और उद्यमिता सामाजिक परिपथ" सत्र की एक पैनलिस्ट थी। यह सत्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, इंटेल और एशिया पैसिफिक इनक्यूबेशन नेटवर्क (ए.पी.आई.एन.) द्वारा 8-9 अगस्त, 2012 को बंगलूरू में आयोजित दो- दिवसीय एशिया उद्यमिता सम्मेलन के अभिन्न अंग के रूप में आयोजित किया गया था।

- **राष्ट्रीय कला कॉनफ्रेंस**

श्रीमती रीता सेनगुप्ता ने 20-25 सितंबर, 2012 के दौरान तिरूअनंतपुरम, केरल में एफ.वी.टी.आर.एस. द्वारा आयोजित छठे राष्ट्रीय कला कॉनफ्रेंस में "उद्यमिता विकास हेतु प्रशिक्षण एवं मेंटोरिंग के जरिए अंत:क्षेप" सत्र की एक पैनलिस्ट के रूप में भी भाग लिया।

- **यू.एन.ई.एस.सी.ए.पी. परामर्शदायी कार्यशाला**

संस्थान की श्रीमती सरिता चौहान ने विषयवस्तुगत सत्र "महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु भागीदारी एवं सहयोग" में एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की नीतियों व स्कीमों के बारे में, व्याख्यान दिया। यह सत्र, संयुक्त राष्ट्र ई.एस.सी.ए.पी. (एशिया और पैसिफिक हेतु आर्थिक एवं सामाजिक आयोग) और फिक्की (एफ.आई.सी.सी.आई.) द्वारा 19 फरवरी, 2013 को नई दिल्ली में संयुक्त रूप से आयोजित "भारत में उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु अनुकूल वातावरण का सृजन" पर परामर्शदायी कार्यशाला के एक भाग के रूप में आयोजित किया गया था।

5.2.2 वैब आधारित प्रशिक्षण डेटाबेस

संस्थान ने वैब-आधारित एक प्रशिक्षण डेटाबेस तैयार किया है। यह डेटाबेस मौजूदा मैनुअल/माइक्रोसॉफ्ट आधारित डेटाबेस के स्थान पर 1 जनवरी, 2013 से संस्थान में प्रयोग में लाया जा रहा है। हालांकि, इस समय, पाठ्यक्रम प्रतिभागियों, उनके हित-क्षेत्रों आदि से संबंधित सभी मूलभूत सूचना, नए डेटाबेस में रखी जा रही है, तथापि प्रतिभागियों की प्रशिक्षणोत्तर गतिविधियों से संबंधित सूचना भी यथा समय इस नए डेटाबेस में विधिवत् रूप से मिला दी जाएगी।

5.2.3 उत्तर प्रदेश सरकार के लिए डेटाबेस

इस संस्थान ने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षित व्यक्तियों का डेटाबेस तैयार करने में उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता की।

संकाय के दौरे

- श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक ने, रिपब्लिक ऑफ उज्बेकिस्तान के आमंत्रण पर सितम्बर 12-14, 2012 में ताशकंद में आयोजित "रोल एंड इम्पोर्टेंस ऑफ स्मॉल बिजिनेस एंड एंटरप्रेन्यूरशिप इन इम्प्लीमेंटशन ऑफ सोशियो-इकोनोमिक पॉलेसी इन उज्बेकिस्तान" विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन में अन्यों के अलावा कई विख्यात अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा बहु-देशीय वित्त संस्थाओं जैसे संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व बैंक, इंटरनेशनल फाईनेन्स् कॉरपोरेशन, एशियन विकास बैंक, इस्लामिक विकास बैंक के प्रतिनिधियों तथा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, चीन, साऊथ कोरिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, भारत आदि 45 से अधिक देशों से आए, अग्रणी विशेषज्ञों तथा व्यवसाय जगत के लोगों ने, भाग लिया।

श्री झा ने सम्मेलन के मौके का उपयोग विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं के इस महत्त्वपूर्ण घटक के विकास के लिए, विभिन्न सरकारी पहलों/योजनाओं तथा आर्थिक उद्यमों के संवर्धन में विविध भारतीय अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए किया।

उजबेक सरकार तथा सहायता संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श के दौरान जिन क्षेत्रों में निसबड जैसे संस्थान उजबेक सरकार को मदद कर सकते हैं: प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने में; विभिन्न कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम डिजाईन करने में; प्रशिक्षण सहायक सामाग्री के विकास में; राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर ई.डी.आई. स्थापित करने में तथा उज्बेकिस्तान में निजी उद्यमिता के विकास में सहायक नीतियों के निर्धारण में, का भी उल्लेख किया गया।

- श्रीमती रीता सेनगुप्ता, निदेशक (बी./एस.) ने भारतीय उच्चायोग, लंदन द्वारा मई 28, 2012 को आयोजित 'इंडिया-यू.के.स्किल्स एंड ट्रैनिंग पार्टनशिप' सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन जिसे भारतीय विश्वविद्यालयो तथा कलाएँ उपलब्धकर्ता संगठनों को यू.के. विश्वविद्यालयों तथा शैक्षिक संस्थानों से बातचीत करके यू.के. संस्थानों से संभावित भागीदारों की पहचान करने के उद्देश्य से, संयुक्त मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया था, में भारत तथा यू.के. से आए 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

निदेशक (बी./एस.) ने मौके का उपयोग पूर्व में पहचान किये हुए स्थानीय (यू.के.) संस्थाओं से एक-से-एक बैठके करने के लिए भी किया जिससे उनके साथ परस्पर लाभों के लिए संयोजिता विकसित की जा सके।

नेतृत्व एवं मार्गदर्शन

श्री के.एच. मुनियप्पा
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
एवं
अध्यक्ष, सचांलन परिषद्

श्री माधव लाल
सचिव
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
एवं
उपाध्यक्ष, सचांलन परिषद्

6.0 विभिन्न निकायों की बैठके

क: संचालन परिषद्: चर्चाएं तथा फैसले

संस्थान को संचालन परिषद् की 29वीं बैठक नवम्बर 26, 2012 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री के.एच. मुनियप्पा, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, ने की।

माननीय मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात को कहा कि स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता, संसाधनों की उपलब्धता तथा क्षेत्र के लोगों की अपेक्षताओं आदि के अनुसार कुछ विशेष कलाओं में प्रशिक्षण देना चाहिए। माननीय मंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सफलता का निर्देशाचिन्ह, उद्यम स्थापन तथा रोजगार उत्पन्न संदर्भ में, जोकि मंत्रालय के सभी संगठनों द्वारा अपनाया जा सके, के बारे में पूछा। माननीय मंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षित व्यक्तियों की पूरे संसार में कही भी कार्य करने की क्षमता पर भी जोर दिया। इस संदर्भ में सचिव (सू.ल.म.उ.) एवं परिषद् उपाध्यक्ष ने यह सलाह दी कि संस्थानों को 30% स्व-रोजगार तथा 20% वेतन रोजगार को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए जोकि उत्तरोत्तर बढ़नी चाहिए। परिषद् ने महसूस किया कि उद्यम निर्माण का प्रभाव चौहतरफा होगा। परिषद् का एकमत विचार था कि विभिन्न संगठनों में पी.एम.ई.जी.पी. के कार्यान्वयन में तालमेल से अधिक सफलता मिलेगी।

परिषद् ने संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अन्य गतिविधियों तथा हाल की पहलों के संदर्भ में, कार्यनिष्पादन का अवलोकन तथा सराहना की। परिषद् ने संस्थान की वर्ष 2011-12 की मसौदा वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखाओं सहित, पर विचार कर उसे अपनाया। परिषद् ने मैसर्स डी. भाटिया एंड कंपनी का 16,500/- रुपए पारिश्रमिक के अलावा सेवाकर तथा अन्य स्वीकार्य खर्चों पर, संस्थान के 2012-13 के लेखाओं की लेखापरीक्षा करने के लिए नियुक्ति पर भी विचार तथा अनुमोदन किया।

परिषद् ने कार्यकारिणी समिति की विभिन्न बैठकों में लिए गए निर्णयों तथा सिफारिशों पर विचार कर नोट किया। परिषद् ने भारतीय उद्यमिता संस्थान (आई.आई.टी.) के क्षेत्रीय शाखा, देहरादून का अप्रैल 01, 2013 से मौजूदा कर्मचारी सहित, संस्थान में विलय पर भी विचार करके अनुमोदन किया।

ख: कार्यकारिणी समिति: विचार-विमर्श तथा फैसले

(अ) समिति की 65वीं बैठक अप्रैल 25, 2012 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में हुई। श्री आर.के. माथुर, तत्कालीन सचिव (सू.ल.म.उ.) ने बैठक की अध्यक्षता की। अध्यक्ष ने सलाह दी कि मानकीकरण पर कोर समूह, सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए मूल्याकंन तथा परीक्षा पद्धति निर्धारित करे। अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि सभी मानकीकृत कार्यक्रमों में उद्यमिता पर एक भाग होना

श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक, संस्थान की संचालन परिषद् की बैठक के अवसर पर श्री के.एच. मुनियप्पा, माननीय मंत्री जी का स्वागत करते हुए

चाहिए ताकि मंत्रालय का उद्यम निर्माण का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

सूक्ष्म उद्यमों के संवर्धन के अपने आधारभूत लक्ष्यों को दोहराते हुए, अध्यक्ष ने इच्छा व्यक्त की कि संस्थान को उच्च स्तर के मानकों को प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए जिससे संस्थान भावी उद्यमियों को अपने उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित कर सके। संस्थान को बेरोजगार लोगों में कला अपग्रेडेशन तथा उद्यमिता के प्रसार के कार्य को जारी रखने की भी सलाह दी गई।

संस्थान को अपने विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करने की भी सलाह दी गई जिससे संस्थान अपने आपको अगले 3-4 सालों में एक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित कर सके। समिति को बताया गया कि हाल में गठित अकादमी परिषद्, इसको "ट्रैंड स्पॉटिग" तथा "ट्रैंड एनालिसस्" करने में भी मदद करेगी। समिति ने संस्थान के लिए 25 करोड़ रुपए के प्राम्भिक कोरपस् के साथ, कोरपस् फंड उत्पन्न करना का अनुमोदन किया।

संस्थान द्वारा वर्ष 2012-13 में 36,325 व्यक्तियों को प्रशिक्षण के प्रयासों की प्रंशसा करते हुए, समिति ने यह सलाह दी कि संस्थान अंर्तराष्ट्रीय एजेसिंयों जैसे सिसको, माइक्रोसाफ्ट आदि से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन करने के लिए सबंध स्थापित करें।

समिति ने संस्थान के वर्ष 2012-13 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अन्य गतिविधियों तथा बजट अनुमानों का विचार कर अनुमोदन किया। परन्तु संस्थान को सलाह दी गई कि वह वर्ष के दौरान 40,000 व्यक्तियो को प्रशिक्षण दे। संस्थान को यह भी सलाह दी गई कि वह एन.आई.एफ.टी; आई.आई.टी.; एन.आई.टी.; विज्ञान एवं टेक्नोलोजी विभाग आदि से कैपसूल उद्यमिता मोड्यलूस आयोजित करने के लिए गठजोड़ करे।

प्रतिष्ठित संगठनों जैसे आई.आई.टी. तथा इसी तरह के संस्थानों/संगठनों को अपना भागीदार बनाने की संभावनाओं का पता लगाने की सलाह देते हुए समिति ने इस बात पर जोर दिया कि संस्थान सावधानीपूर्वक ही भागीदार संस्थाएं बनाए जिससे कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। समिति ने इस बात पर भी जोर दिया कि संस्थान की वर्तमान जनशक्ति (कर्मचारी) तंत्र को सुदृढ़ करना चाहिए। संस्थान को यह सलाह दी गई की ए.टी.आई. योजना के सरप्लस राशि को योजना के अंर्तगत प्रशिक्षण गतिविधियों पर ही खर्च करना चाहिए।

(ब) समिति की अगस्त 31, 2012 को उद्योग भवन में हुई 66वीं बैठक की अध्यक्षता, श्री आर.के.माथुर, तत्कालीन सचिव (सू.ल.म.उ.) ने की। संस्थान द्वारा बढ़ती हुई संख्या में फीस वाले कार्यक्रमों के आयोजन पर संस्थान को बधाई देते हुए यह सलाह दी गई कि वह इन तरह के कार्यक्रमों पर अपना ध्यान बनाए रखें क्योंकि इससे संस्थान की बाजार से प्रतिभागियों को आकृर्षित करने की समक्षता/योग्यता का पता चलता है। संस्थान को अपनी महत्ता तथा खुलाव बढ़ाने के लिए, देश तथा विदेशों के उत्तम संस्थाओं से सबंध/सहभागिता बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

पूर्ण विचार करने के बाद समिति ने यह फैसला किया कि संस्थान हॉस्टल की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए, विद्यमान 7 कमरों को 16 होस्टल कमरों में बनाने/पुन: डिजाईन करने का कार्य, स्वंय ही करें। संस्थान के अनुसंधान/मूल्याकंन अध्ययनों करने के प्रयत्नों का ध्यान करते हुए समिति ने यह सलाह दी कि संस्थान को प्रशिक्षण तथा उससे सबंधित क्षेत्रों पर ही ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। समिति का विचार था कि संस्थान को सोफ्ट कलाओ में प्रशिक्षण शुरू करना चाहिए क्योंकि इस तरह के प्रशिक्षण से सामान्य व्यक्तियों की नियोजिता बढ़ाने की आवश्यकता है। समिति ने सलाह दी कि संस्थान को सीधी भर्ती के मामलों में अपनी वर्तमान में खाली अनुमोदित पदों को 5 वर्षों के लिए अनुबंध आधार पर भरना चाहिए।

समिति ने मिनी बस (टाटा 407) नम्बर डी.एल. 1वी. 3181 के कन्डम्नेशन तथा स्थानीय तौर पर उसकी नीलामी/बेचने पर विचार करके अनुमोदन किया। समिति ने निदेशक (एस.आई.एन्ड एस.बी.एम.) की अनुबंध आधार पर नियुक्ति को आगे ने बढ़ाने के निर्णय की पुष्टि की।

(स) समिति की 67वीं बैठक नवम्बर 19, 2012 को उद्योग भवन, नई दिल्ली, में हुई। श्री विवेक रै, तत्कालीन सचिव (सू.ल.म.उ.) ने बैठक की अध्यक्षता की। आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर संतोष व्यक्त करते हुए, समिति ने इच्छा व्यक्त की कि संस्थान को विभिन्न गतिविधियों को करते हुए अपने आधारभूत लक्ष्य/उद्देश्य तथा कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित रखना चाहिए। समिति ने संस्थान को यह सलाह दी कि संस्थान को एक-दो अच्छे विदेशी संस्थानों से, उनकी विश्वसनीयता को अच्छी तरह जांच-पड़ताल करके, सबंध स्थापित करने चाहिए। संस्थान को यह सलाह दी गई कि वह एक सहायक इंजीनियर स्तर के सी.पी.डब्लू.डी. आदि से सेवानिवृत को परामर्शदाता, होस्टल ब्लाक में कार्य करने तथा परिसर के रख-रखाव के लिए नियुक्त करें। संस्थान नागर विमानन के क्षेत्र में तथा ऐयरपोर्ट संबधित सेवाओं में प्रशिक्षण देने की संभावनाओं का पता लगाए क्योंकि यह बढ़ता हुए क्षेत्र है।

विभिन्न पदो के भर्ती नियमों का पुनरवलोकन होना चाहिए क्योंकि नियुक्तियां पांच वर्ष के लिए अनुबंध आधार पर होगी जिसके पश्चात संबधित व्यक्तियों को संतोषजनक कार्य-निष्पादन होने पर, नियमित रूप से नियुक्त किया जा सकता है। संस्थान को सलाह दी गई कि वह हमेशा अपनी परामर्शदायी सेवाओ/मार्गदर्शन/सलाह के लिए विभिन्न एजेसिंयो से शुल्क प्राप्त करे। यह कहते हुए कि दि मेमैट ऑफ ग्रेच्चूटी एक्ट, 1972 संस्थान के सभी कर्मचारियों (पुराने तथा वर्तमान) पर लागू है, समिति ने संस्थान को यह सलाह दी कि वह भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी एंजेसियों की ग्रुप ग्रेच्यूटी योजनाओं के अधीन आने की संभावना का पता लगाए।

समिति ने संस्थान की वर्ष 2011-12 की मसौदा वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखाओं के साथ का अवलोकन तथा अनुमोदन किया। समिति ने मैसर्स डी. भाटिया एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली को 16,500 रुपये के पारिश्रमिक, सेवा कर के अतिरिक्त पर वर्ष 2012-13 के लिए संस्थान की लेखा पुस्तकों की लेखापरीक्षा करने हेतु नियुक्ति पर भी विचार तथा अनुमोदन किया। संस्थान की जनशक्ति (कर्मचारी) तंत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को समझते हुए, समिति का यह विचार था कि संस्थान का संगठनात्मक ढांचा *फ्लैट* होना चाहिए

समिति ने भारतीय उद्यमिता संस्थान, गुवाहाटी की देहरादून स्थित क्षेत्रीय इकाई का संस्थान में विलय पर विचार तथा अनुमोदन किया। समिति ने कॉपस फंड पर अर्जित ब्याज का विभिन्न उद्देश्यों पर खर्चा करने का भी अनुमोदन किया।

श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक, हिन्दी प्रतियोगिताओं के एक विजेता को पुरस्कार राशि देते हुए। श्री मुकेश कुमार गुप्ता, सयुंक्त निदेशक (बी.डी. एवं एम.) तथा हिन्दी अधिकारी भी दिखाई दे रहें है

6.1 स्टाफ स्थिति

श्रीमती रीता सेनगुप्ता, निदेशक (व्यावहार विज्ञान), संस्थान में तकरीबन 26 वर्षों की सेवा तथा सेवानिवृति की आयु को अक्तूबर 31, 2012 को प्राप्त करने के बाद, संस्थान की सेवाओं से सेवा निवृत हुई। परंतु श्रीमती सेनगुप्ता की सेवाएँ, एक सलाहकार के रूप में जारी रखी गई। इसी प्रकार श्री बंसी लाल बिजलानी, लेखा अधिकारी भी मार्च 31, 2013 को सेवानिवृत हुए। श्री बिजलानी, नवम्बर 06, 1984 से संस्थान की सेवा कर रहे थे। श्री वाई.पी. खुबर, निदेशक (एस.आई. एंड एस.बी.एम.) को संस्थान में अपना कार्यकाल पूर्ण करने के उपरांत अगस्त 28, 2012 को भार-मुक्त कर दिया गया।

वर्ष के दौरान, संस्थान के दो नये उत्पन्न पदों को अनुबंध आधार पर भरा गया। संयुक्त निदेशक (इंक्यूबेशन सैल) श्री सुनील भारद्वाज तथा सहायक निदेशक (होस्टल एवं प्रोटोकोल) (श्री महेन्द्र कुमार)। इसके अलावा विधिवत् गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति के सिफारिशों पर श्री कैलाश चन्द्र, एम.टी.एस. को टकंक-लिपिक (हिन्दी) के पद पर पदोन्नत किया गया।

वर्ष के दौरान, मंत्रालय द्वारा संस्थान के तीन निदेशकों के पदो के भर्ती नियमों को अनुमोदित किया गया तथा इन पदों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई। संस्थान ने अपनी अन्य रिक्त पदों को भी भरे जाने के लिए कदम उठाए।

मंत्रालय के साथ विभिन्न पदों के सृजन के मामले का अनुसरण करने के साथ-साथ, संस्थान ने विभिन्न योजनाओं, अनुसंधान अध्ययनो आदि के अंतर्गत कार्यों को पूरा करने हेतु, संबंधित परियोजनाओं या कार्यों की समाप्ति के साथ कार्यकाल समाप्त होने तथा अनुंबध आधार पर परामर्शको, अनुसंधान एसोसिएटस, समन्वयकों आदि को नियुक्त करना जारी रखा।

संस्थान ने सभी कर्मचारियों, विशेष रूप से महिला कर्मचारियों जोकि कुल कर्मचारियों की लगभग 30% भाग हैं, के कार्य वातावरण सुधारने हेतु प्रभावी कदम उठाए।

मार्च 31, 2013 को विभिन्न श्रेणियों में संस्थान के नियमित कर्मचारियों को प्रभावी संख्या 26 थी।

संस्थान का संगठनात्मक चार्ट *परिशिष्ट-'ख'* पर दिया गया है।

6.2 राजभाषा का प्रयोग

भारत सरकार की नीति के अनुसार सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग हेतु सभी प्रयास किये गये। संस्थान की वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषिक रूप में छपवाई गई। संस्थान ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों में पत्राचार हिन्दी में बढ़ाने के लिए सक्रिय उपाय भी किये। राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा संवैधानिक, विधिक तथा प्रशासनिक कर्तव्यों का वहन करने हेतु राजभाषा से संबधित जारी निर्देशों को, संस्थान के सभी कर्मचारियों में उपयुक्त कार्यवाही के लिए वितरित किया गया।

संस्थान ने वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के प्रयास किये। 14 सितम्बर, 2012 से शुरू सप्ताह को हिंदी सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महानिदेशक ने अपने संबोधन में, कर्मचारियों को सरकारी कामकाज में, आंतरिक टिप्पणियों एवं अन्य सभी सम्भव स्थानों पर अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा दी। इसके अतिरिक्त, "राजभाषा

नीति तथा प्रशासनिक शब्दावली" पर एक कार्यशाला; टिप्पण एवं आलेखन, निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं राजभाषा नीति के बारे में सामान्य जानकारी की प्रतियोगिताएं सप्ताह के दौरान आयोजित की गईं जिनमें संस्थान के कुल 36 कर्मचारियों ने भाग लिया।

वर्ष के दौरान, संस्थान ने अपने दो हिन्दी पदों: कनिष्ट अनुवादक तथा टकंक-लिपिक, को भरने के लिए प्रभावी कदम उठाए। जबकि पहले वाले पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला, दूसरे पद को विधिवत गठित की गई विभागीय पदोन्नत समिति की सिफारिश के अनुसार पदोन्नति द्वारा भरा गया। प्राज्ञ पाठ्यक्रम की मई 2012 में हुई परीक्षा में, संस्थान के तीन कर्मचारियों ने भाग लिया।

राजभाषा के संस्थान द्वारा कार्यन्वयन से संबधित प्रगति की निर्धारित रिर्पोटस/सूचनाओं को नियमित तथा समयबद्ध रूप से मंत्रालय को भेजा गया। संस्थान के कुल 36 कर्मचारियों ने भाग लिया।

6.3 मानव संसाधन विकास

वर्ष के दौरान, संस्थान ने अपने मानव संसाधनों के विकास और मौजूदा बदलते हुए आर्थिक परिदृश्य में उनके ज्ञानाधार को बढ़ाने पर जोर देना जारी रखा। संस्थान के संकाय सदस्यों/अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर उनके संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने ज्ञान को अद्यतन बनाने के लिए विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं, के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। संस्थान से दो संकाय सदस्यों को बिजिनेस मैम्बरशिप संगठनों (बी.एम.ओ.) के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर प्रशिक्षक और वैकल्पिक प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने हेतु, जी.आई.जैड. द्वारा आयोजित प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टी.ओ.टी.) में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

परियोजना तैयार करने के क्षेत्र में, संस्थान के कनिष्ठ संकाय सदस्यों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक विशेष अभीमुखी कार्यक्रम तैयार करके 4 दिनों के लिए आयोजित किया गया जिससे 17 पदधारियों को लाभ हुआ। संस्थान ने वर्ष के दौरान अपने कर्मचारियो के लिए तीन विशेष सत्रों का आयोजन किया ताकि उन्हें उनके व्यक्तित्व एवं कार्यकरण के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया जा सके। पहला सत्र नेतृत्व और टीम तैयार करने के बारे में था जिस पर व्याव्यान दक्षिणी अफ्रीका के क्रिएटिविटी फाउंडेशन के सह-संस्थापक द्वारा दिया गया था। दूसरा और तीसरा सत्र, मिल-जुल कर काम करने का महत्त्व/स्वयं को जानना और दबाव एवं समय प्रबंधन तथा पौराणिक ज्ञान के जरिए मानव संभाव्यता का पता लगाना, विषयों पर थे जिन पर व्याख्यान दक्षिण अफ्रीका के एक विशेषज्ञ और श्रीधर विश्वविद्यालय, राजस्थान के उप-कुलपति, ने दिया।

कर्मचारियों के कार्यकरण में सुधार लाने और उनके ज्ञान/ओरिएंटेशन को सतत् रूप से अद्यतन बनाने के लिए, संस्थान ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए मासिक क्षमता निर्माण सत्रों का एक तंत्र विकसित किया। इन सत्रों का संचालन संस्थान के ही संकाय सदस्यों/अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इस प्रकार, वर्ष के दौरान 4 सत्रों का आयोजन एम.एस.एम.ई. मंत्रालय कार्यक्रम और नीतियां; वित्तीय प्रक्रियाएं; परियोजना वित्त-पोषण और प्रशासनिक प्रक्रियाएं: संचार का महत्त्व और प्रकार, के क्षेत्रों में किया गया

6.4 रिजल्ट फ्रेमवर्क दस्तावेज (आर.एफ.डी.)

संस्थान ने मंत्रालय के साथ वर्ष 2012-13 के लिए अपने रिजल्ट फ्रेमवर्क दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इस दस्तावेज के अनुसार, संस्थान को वर्ष के लिए विभिन्न गतिविधियाँ हेतु लक्ष्य दिए गए थे। अपने अथक प्रयासो से संस्थान ने वर्ष के लिए निर्धारित विभिन्न लक्ष्य समूहों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्यों को सामान्यत:, लक्ष्यों से ज्यादा कार्य किया, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है:-

क्रम सं.	उद्देश्य/गतिविधि	लक्ष्य	उपलब्धियां
1.	उद्यमिता और कला विकास *(प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या)*	38,000	49,564
2.	फीस आधारित बाजारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम *(कार्यक्रमों की संख्या)*	50	149
3.	विभिन्न देशों से आए प्रशिक्षकों/संवर्धकों की कार्यकुशलता में सुधार लाना *(प्रतिभागियों की संख्या)*	220	245
4.	आर.जी.यू.एम.वाई. के तहत उद्यमी मित्रों का ओरिएंटेशन *(उद्यमी मित्रों की संख्या)*	100	73

इसके अलावा, संस्थान ने सीजर्स कलस्टर, मेरठ में हार्ड इन्टरवेन्शन जारी रखा। संस्थान ने विभिन्न सांविधिक अनुपालन सुनिश्चित करने; आंतरिक कुशलता/सेवा डिलीवरी में सुधार; आर.एफ.डी. सिस्टम का कुशल कार्यकरण और आंतरिक कुशलता/जवाबदेही/सेवा डिलीवरी में सुधार सुनिश्चत करने के लिए प्रभावी कदम भी उठाए। वर्ष के दौरान, संस्थान ने आई.एस.ओ.: 9001 कार्य-योजना तैयार की और आर.एफ.डी. में निर्धारित लक्ष्य तिथियों के अनुसार इसके कार्यान्वयन के लिए कदम उठाने की व्यवस्था की। प्रमाणन के अधिग्रहण की प्रक्रिया के एक अंग रूप में, संस्थान के कर्मचारियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसके अलावा, संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी को इस प्रयोजनार्थ प्रबंधन प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया गया।

6.5 सर्तक एवं पारदर्शी प्रबंधन

संस्थान के मौजूदा मुख्य सतर्कता अधिकारी *(पार्ट टाइम)* की सेवा-निवृत्ति के परिणामत: श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक को संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी की भूमिका एवं कार्यों को करने के लिए नियुक्त किया गया।

कैंपस से बाहर प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन का मूल्याकंन तथा प्रभावी पर्यवेक्षण करने के लिए, संस्थान द्वारा पूर्व में तैयार किए गए मॉनटरिंग तंत्र को कार्यक्रम के चालू रहने के दौरान, प्रत्येक भागीदार को चार-चार एस.एम.एस भेजने की प्रणाली शुरू करके ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी कतिपय अभिज्ञात पहलुओं पर उनसे फीडबैक प्राप्त करके प्रतिभागियों से प्राप्त प्रत्युत्तरों का विश्लेषण करने के बाद वांछित संशोधनों को लागू किया जा सके और *'स्काईपेय'* के माध्यम से वैब वीडियो कॉनफ्रेंसिंग इत्यादि से इसे और सुदृढ़ बनाया गया। इसके अलावा, संस्थान ने प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों में अवसंरचना प्रदाताओं की सेवाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाए। संस्थान ने और पहल कार्य भी किए ताकि विभिन्न शैक्षिक/प्रशासनिक मुद्दों पर संस्थान की निर्णय लेने संबंधी प्रक्रिया ज्यादा परामर्शदायी और पारदर्शी हो।

संस्थान ने अक्तूबर 29 से 3 नवम्बर, 2012 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों ने सर्तकता संबंधी शपथ ली। इस अवसर का लाभ उठाते हुए संस्थान के कार्यकरण में पारदार्शिता आदि के बारे में चर्चा की गई और उन साधनों पर विचार-विमर्श किया गया जिनके माध्यम से कार्यकरण और भी ज्यादा पारदर्शी बन सके।

वर्ष के दौरान लंबित अनुशासनिक मामलों और अन्य सतर्कता मामलों की स्थिति पर अपेक्षित सूचना/रिपोर्ट समय पर व नियमित रूप से मंत्रालय को भेजी गई।

6.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

विशिष्ट गतिविधियों से संबंधित सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत नागरिकों को सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को युक्तिसंगत बनाने के लिए, संस्थान ने वर्ष के दौरान दो और जन सूचना अधिकारियों की नियुक्ति की। एक अधिकारी को प्रशिक्षण से संबंधित सभी मामलों के लिए उत्तरदायी बनाया गया और दूसरे को लेखों से संबंधित मामलों के लिए। अधिनियम के तहत, वर्ष के दौरान, संबंधित अधिकारी की सेवा-निवृत्ति के परिमाणत: संस्थान के महानिदेशक ने अधिनियम के तहत अपीलीय प्राधिकारी (प्रथम) के कार्यों का निर्वाह किया।

वर्ष के दौरान, इस प्रयोजानार्थ संस्थान को प्राप्त सभी 16 आवेदन पत्रों के संबंध में उन्हे इस अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराई।

6.7 अशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारो का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995

बारहवीं पंचवर्षीय योजना तैयार करने के लिए अशक्त व्यक्तियों के सशक्तिकरण पर कार्यकारी समूह (वर्किंग ग्रुप) की रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुसार, संस्थान ने अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, वर्ष के दौरान, निम्नलिखित पहल कार्य किए:-

- संस्थान के भागीदार संस्थानों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों सहित एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की ए.टी.आई. स्कीम के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत, विभिन्न अशक्ताओं वाले कम से कम 3% व्यक्तियों को कवर करने का प्रयास।
- संस्थान की वैबसाइट को पुन: तैयार करने संबधी मामला एन.आई.सी. के साथ उठाया जा रहा है ताकि इसे पी.डब्लू.डी. अनुकूल बनाया जा सके तथा
- ऑर्थोपैडिक रूप से अशक्त संस्थान के एक कर्मचारी का पदनाम अशक्ता सलाहकार रखा गया है ताकि वह अशक्ता स्कीमों और उनके प्रभावी निष्पादन से संबंधित सभी मामलों पर संस्थान को सलाह दे सके।

संस्थान ने यह पता लगाने का भी प्रयास कर रहा है कि कौन-कौन से पद अशक्त व्यक्तियों द्वारा भरे जा सकते हैं।

राजदूतों/उच्चायुक्तों के साथ विचार-विमर्श बैठक

सामान्यत: संस्थान के उद्यमिता परक पहल कार्यों और विशेषत: अपने अतंरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में राजधानी स्थित विदेशी फ्रैटर्निटि प्रतिनिधियों को अवगत कराने तथा इस बारे में उनकी आवश्यकता जानने करने के लिए, संस्थान ने 26 अप्रैल, 2012 को अपने कैंपस में राजदूतों/उच्चायुक्तों की एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की।

यह बैठक जोकि विभिन्न महाद्वीपों के प्रतिनिधियों का अनूठा समागम थी, मैं दिल्ली स्थित 15 राजदूतों / उच्चायुक्तों / मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर का उपयोग संस्थान की परामर्शदात्री सेवाओं के बारे में अवगत कराने में भी किया गया। संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में और सुधार करने के लिए गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिए गए सुझावों पर फौरन अमल किया।

Study Material Series on Skill Development
Computer Hardware & Networking
Study Material Series on Entrepreneurship Development
Be an Entrepreneur
Entrepreneurship Development
Study Material Series on Desktop Publishing
Desktop Publishing
Study Material Series on Food Processing
Food Processing
Published by NIESBUD, MSME, Govt. of India
In association with
JITM SKILLS, Jalandhar

उद्यमी लभते सिद्धिम्
niesbud
उद्यमिता विकास कार्यक्रम
पाठ्य सामग्री
राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)
www.niesbud.nic.in / www.niesbud.org / www.niesbud.net

7.0 प्रकाशन

एक अग्रणी राष्ट्रीय स्तर वाली उद्यमीय संगठन होने के नाते, संस्थान उद्यमिता तथा उससे संबंधित क्षेत्रों में शिक्षण तथा ज्ञान को उद्देश्यपूर्ण एंव प्रभावकारी बनाने के लिए प्रकाशन आदि लाता रहा है। संस्थान के प्रयत्न इस और भी होते हैं कि मौजूदा प्रकाशनों तथा क्षेत्र में उपलब्ध अन्य सहायक सामाग्री को सशक्त किया जाए। संस्थान के अधिकतर मौजूदा प्रकाशन इसके खुद के अनुसंधान, सर्वे आदि का नतीजा है।

इस संदर्भ के अपने प्रयत्नों को पुन:जीवित करते हुये, संस्थान ने वर्ष के दौरान, एक पुस्तिका लर्न टू अर्न- "स्कूली विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता से परिचय" प्रकाशित की। पुस्तिका "वैव्ज ऑफ चैंज" के थीम 5 "विचारों एवं अभिनव पहलो" के अंतर्गत माध्यमिक स्तर के स्कूली छात्रों में उद्यमिता के प्रति रूचि उजागर करने के उद्देश्य से निकाली गई।

प्रशिक्षकों तथा प्रतिभागियों दोनों को विभिन्न ट्रैडस/कलाओं में सरल तथा व्यावाहारिक पाठ्यक्रम पुस्तके उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, संस्थान ने जाहनवी इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मनेजमैंट, दिल्ली के सक्रिय सहयोग से, वर्ष के दौरान कंम्प्यूटर हार्डवेयर तथा नेटवर्किंग; फूड प्रोसेसिंग; डेस्क टॉप पब्लिशिंग तथा उद्यमिता विकास पर पाठ्य पुस्तको की, एक श्रृंखला का प्रकाशन किया।

इसके अलावा, संस्थान ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अपने समझौते ज्ञापन के हिस्से के रूप में, बोर्ड की 11वीं तथा 12वीं कक्षाओं के लिए उद्यमिता पर पाठ्यक्रम पुस्तकों के संशोधन का कार्य, सी.बी.एस.ई. विद्यालयों के प्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग से, शुरू किया।

संस्थान अपने द्वारा प्रशिक्षित विशेषकर एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की ए.टी.आई. योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों के संदर्भ में, सफलता की कहानियों का एक संग्रह प्रकाशित करने की प्रक्रिया में है।

संस्थान ने नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा भारतीय व्यापार प्रोमोशन संगठन के सहयोग से प्रगति मैदान में फरवरी 4-10, 2013 को आयोजित विश्व पुस्तक मेले में भाग लिया। अपने हाल के प्रकाशनों तथा अन्य प्रशिक्षण सामग्रियों के प्रदर्शन के अलावा, संस्थान के स्टालों में आगुंतकों को संस्थान की बहु-आयामी गतिविधियों के अलावा, उद्यमीय कैरियर के लाभों के बारे में बताया गया।

7.1 न्यूजलैटर

